जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 27 संख्याः 99 प्रभात अजमेर, मंगलवार 8 नवम्बर, 2022 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*वर्ष 1937 में स्पैनिश सिविल वॉर के दौरान नाज़ी जर्मनी और फासिस्ट इटली ने उत्तरी स्पेन के बास्क क्षेत्र के एक कस्बे, गिर्निका पर बमबारी की थी। इन दोनों देशों ने यह हमला राष्ट्रवादी गुट के नेता फ्रांसिस्को फ्रैंको के राष्ट्रवादी घटक के कहने पर किया था। इस हवाई हमले में सैकड़ों नागरिक मारे गए थे, हालांकि मरने वालों की संख्या पर अभी भी भारी विवाद है। इस घटना से विख्यात चित्रकार पाब्लो पिकासो इतने दुखी हुए कि उन्होंने एक विशाल ऑयल पेंटिंग बनाई, जिसका शीर्षक शहर के नाम पर गिर्निका रखा। लगभग 100 वर्ष बाद युद्ध की त्रासदी ने एक और कलाकार को नए सृजन की प्रेरणा दी। सैन डिएगो के एक चित्रकार, दस वर्ष के आंद्रे वैलैन्शिया ने इस वर्ष के आरंभ में एक एब्स्ट्रैक्ट चित्र बनाया और उसे नाम दिया, ''इन्वेज़न ऑफ यूक्रेन।'' ऊपर दिए चित्र में आंद्रे के बाईं तरफ नज़र आ रही इस पेंटिंग के बांए कोने में यूक्रेन के झंडे पर एक रोती हुई आंख बनी है, बीच में रुसी झंडे के साथ एक मशीनगन धारी सैनिक है। पांचवीं कक्षा में पढ़ने वाले इस बच्चे की मां, एल्सा वैलेन्शिया ने बताया, ''आंद्रे अपने कमरे में था और मैं टीवी पर यूक्रेन पर हमले की खबरें देख रही थी। थोड़ी देर बाद मैं उसके कमरे में गई तो मैंने दैखा उसने 12 इंच बाय 9 इंच के कैनवास पर एक स्कैच बनाया है और उसमें मार्कर से रंग भर रहा है। मैंने उससे पूछा, यह क्या है, तो वो बोला ''यूक्रेन पर हमला'', मैं स्तब्ध रह गई।'' इस माह के आरंभ में इस चित्र की प्रतियां आर्टिस्ट की वैबसाइट पर सेल के लिए जारी की गईं और इसकी सारी आय यूक्रेन के युवा वर्ग की सहायता कर रहे एक संगठन, क्लिचको फाउण्डेशन को दी गई है। पेंटिंग की ब्रिकी से एक लाख डॉलर की आय हुई है। लेकिन आंद्रे के लिए यह कोई नई बात नहीं है। गत वर्ष दिसम्बर में ''आर्ट मायामी'' में सबसे कम उम्र के कलाकार के रुप में भाग लेकर उसने इतिहास रच दिया था। इसमें उसने तीन दिन में 12 पेंटिंग्स बेची थीं, जिनकी कीमत 5,000 डॉलर से 20,000 डॉलर तक थी। उसके खरीददारों में हॉलिवुड एक्ट्रैस ब्रूक शील्ड्स, सोफिया वेगारा, चैनिंग टेटम, जॉर्डन बैलफोर्ट जैसी नामी हस्तियां हैं। आँद्रे का कहना है कि, उसकी कृतियाँ विख्यात कलाकारों, पिकासो, जाँ मिशैल बास्किया, सैल्वाडोर दली और अमीदेओ मोदीलिआनी से प्रभावित हैं।*

# यूक्रेन व रूस के बीच मध्यस्थता कराकर भारत सिक्युरिटी काउंसिल की सदस्यता प्राप्त कर लेगा?

## रूस व यूक्रेन, दोनों देश भारत की विश्वसनीयता को बहुत ऊंचा आंकते हैं, अतः, न्यूयॉर्क के थिंक टैंकों के अनुसार, भारत मध्यस्थ का रोल बखूबी निभा सकता है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिष्ठित स्थायी सीट पर अपनी नज़रे जमा ली हैं क्योंकि वह रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता कराने की दिशा में चतुराई से आगे बढ़ रहा है। लगता है कि शांति स्थापना कराने वाला एक प्रमुख खिलाड़ी बनने और दुनिया का सबसे बड़ा संकट हल करने का उत्साह प्रधानमंत्री मोदी की इतिहास में भारत के सबसे महान नेताओं में से एक के रूप में याद किए जाने की महत्वाकांक्षा से प्रेरित हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज अपना मॉस्को दौरा शुरू किया। उनकी यात्रा और रूस तथा यूक्रेन के बीच शांति स्थापना पर जोर देने वाली भारत की संभावित भूमिका पर विदेश नीति के थिंक टैंक्स और कूटनीतिज्ञों द्वारा नज़दीकी से नज़र रखी जा रही है।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, भारत के विदेश मंत्रालय के उच्च स्तर के अफसरों में भारी चर्चा व मंथन, इस बात पर शुरु हो चुका है कि, भारत कैसे दोनों देशों, रूस व यूक्रेन के बीच शान्ति स्थापित करने में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।**
- **विदेश मंत्री जयशंकर की रूस यात्रा व राष्ट्रपति पुतिन से प्रस्तावित मुलाकात को इसी दिशा में कठोर कदम माना जा रहा है।**
- **भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत, कैनथ जैस्टर ने भी इस संदर्भ में कहा कि, भारत के राजनयिक व कुटनीतिज्ञ, बहुत होशियार हैं और अगर वे यूक्रेन व रूस के बीच शान्ति स्थापित करने में भूमिका निभाने को तैयार हो जायें तो, यह बहुत सुखद समाचार होगा।**
- **प्र.मंत्री की भी महत्वाकांक्षा है कि, भारत शान्ति स्थापित करने के इस प्रयास में सफल हो, जिससे वे भारत के सबसे सफल प्र.मंत्री होने का सफल दावा कर सकें।**

न्यूयॉर्क टाइम्स (एन.वॉय.टी.) के अनुसार भारत सरकार के अधिकारी यह पहले ही चर्चा करते रहे हैं कि जब भी उचित समय होगा, भारत शांति स्थापना के प्रयासों के लिए कौनसी भूमिका निभाएगा।

इस प्रकरण से संबंधित मुख्य मुद्दा रूस और यूक्रेन का बातचीत के प्रति अनिच्छुक होना है। यूक्रेन जहां यह महसूस कर रहा है कि उसे युद्ध भूमि में बढ़त प्राप्त है, वहीं रूस बातचीत के मूड़ में नहीं लगता है। तथापि विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध के कारण ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने यूक्रेन में वास्तव में जीवन दयनीय बना दिया है, अत: कोई समझौता या युद्ध विराम हो सकता है।

जयशंकर दोनों पक्षों के बीच जारी उच्च स्तरीय वार्ता की कड़ी में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बातचीत करेंगे। उम्मीद है कि दोनों पक्षों की बातचीत में द्विपक्षीय मुद्दों की पूरी श्रृंखला को कवर किया जाएगा और विभिन्न क्षेत्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान होगा।

जयशंकर का रशियन फैडरेशन के उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार तथा उद्योग मंत्री देनिस मैन्तुरोव और इण्डिया रशिया इन्टर गवर्नमैन्टल कमीशन ऑन ट्रेड, इकोनॉमिक, साईन्टिफिक, टैक्नोलॉजिकल एण्ड कल्चरल को-ऑपरेशन (आई.आर.आई.जी. सी.-टी.ई.सी.) के अपने समकक्ष से भी मिलने का कार्यक्रम है। विदेश मंत्रालय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना के उपचुनाव में भाजपा हारी

## पर, मनोबल के लिये यह हार, जीत के बराबर ही थी

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। तेलंगाना की मुनुगोडे विधानसभा सीट के लिये हुये उपचुनाव जिसे 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले का सेमी-फाइनल माना जा रहा है, के नतीजे बता रहे हैं कि इससे पहले कांग्रेस के पास रही इस सीट को जीतने में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति को पसीने आ गये हैं। जबरदस्त रुप से उभरकर आई भाजपा से मिली कड़ी चुनौती ने दोनों ही प्रतिद्वंदियों- टी.आर.एस. एवं कांग्रेस के लिये एक सबक प्रस्तुत किया है।

सत्तारूढ़ टी.आर.एस. को मामूली से अंतर से मिली जीत उसके लिये चिन्ता का सबब तथा जबरदस्त सत्ता-विरोधी लहर का संकेत दे रही है। टी.आर.एस. को कांग्रेस का आभारी होना चाहिये कि उसने भाजपा के वोट काटे तथा उसका खेल बिगाड़ दिया। कांग्रेस ने 20,000 वोट पाकर अपनी

- **भाजपा का उम्मीदवार 10 हजार वोटों से हारा, पर, जीत का कारण था, कांग्रेस उम्मीदवार द्वारा बीस हजार एन्टी इन्कमबैंसी वोट खींच लेना।**
- **यह नतीजा टी.आर.एस. के लिये जीत के बावजूद खतरे की घंटी है, आगामी 2024 के आम चुनाव की दृष्टि से।**
- **कांग्रेस के लिये भी इस हार में एक सुख की किरण है कि, कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़ने वाले प्रत्याशी को हरवा तो दिया ही।**

जमानत जब्त करा ली तथा इस उपचुनाव में 10,000 वोटों से भाजपा की हार सुनिश्चित कर दी।

जहाँ तक भाजपा का प्रश्न है, वह काँटे के संघर्ष वाले तथा देश के अब तक के सबसे मँहगे चुनाव में रनर अप रही है और साथ ही वह ऐसी धारणा भी निर्मित करती दिखाई दे रही है कि वे एक ऐसी प्रबल राजनैतिक ताकत के रूप में सामने आ सकती है, जो एक परिवार द्वारा चलाई जा रही राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने की ताकत रखती है। इसके अलावा, मामूली अंतर से हुई उसकी यह हार अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों में उसके लिये एक चुनावी आधार प्रस्तुत कर रही है।

लेकिन उपचुनावों में एक यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 50 पाक विस्थापित जोधपुर पहुंचे

जोधपुर, 7 नवम्बर (कासं)। पाक विस्थापितों के पचास लोगों का एक जत्था जोधपुर पहुंचा, लेकिन ये लोग जोधपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आ गए। पूछताछ में सामने आया कि धार्मिक वीजा लेकर हरिद्वार जाने के नाम पर ये लोग भारत पहुंचे, लेकिन वहां जाने के बजाय ट्रेन में बैठ सीधे जोधपुर आ गए। इन लोगो

- **धार्मिक वीज़ा लेकर हरिद्वार के नाम पर भारत आए ये लोग रेल्वे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर में आए और इनसे पूछताछ की गई है।**

को अपने रिश्तेदारों के यहां रहने को रवाना कर दिया गया है, लेकिन साथ ही पाबंद किया गया है कि वे अपनी आमद को दर्शा दे। डेढ़ माह पूर्व भी कुछ पाक विस्थापित जोधपुर पहुंचे थे।

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से आरक्षण आंदोलन पुन: तेज होगा

## आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर वर्ग को शिक्षा व रोजगार में 10 प्रतिशत आरक्षण देने के निर्णय से आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा अब टूटी है

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने इकॉनोमिकली वीकर सेक्शंस (इ.डब्ल्यु.एस.) को 10 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने के प्रस्ताव पर अपने अनुमोदन की मुहर लगा दी है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने नौकरियों में आरक्षण की पूर्ववर्ती 50 प्रतिशत की सीमा भी समाप्त कर दी है। इस प्रकार कोटा-राजनीति को लेकर विवादों का पिटारा खुल गया है।


मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता वाली पाँच जजों की संविधान पीठ ने आज 3:2 के बहुमत दिये गये अपने फैसले द्वारा, 10 प्रतिशत ई.डब्ल्यु.एस. कोटा के लिये लिये गये 103वें संविधान की पुष्टि कर दी। जजों

- **कप्पू, जाट, मराठा व पाटीदारों की आरक्षण के लिये जो मांग अभी तक यह कह कर नकार दी गई थी कि, आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता। अतः इन समुदायों की आरक्षण की मांग अब पुनः पुरज़ोर ढंग से उठेगी।**
- **अंग्रेजों के शासनकाल में भी अनुसूचित जाति व जनजाति को, उनकी जनसंख्या के अनुरूप आरक्षण मिलता था। पर, मण्डल आयोग के पश्चात् 27 प्रतिशत आरक्षण ओ.बी.सी. क्लास को देना तय हुआ था।**

ने यह कह दिया कि ई.डब्ल्यु.एस. के आरक्षण द्वारा 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा के अतिक्रमण से संविधान के मूलभूत ढ़ाँचे का उल्लंघन नहीं होगा, ''क्योंकि (आरक्षण की) ऊपरी सीमा अपरिवर्तनीय नहीं है।'' लेकिन अपने असहमतिपूर्ण निर्णयों में, मुख्य न्यायाधीश ललित तथा न्यायमूर्ति एस. रविन्द्र भाट ने कहा कि एस.सी./एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समुदायों के गरीबों को ई.डब्ल्यु.एस. कोटा से बाहर रखना

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जालोर में आमुर फैल्कन



जालोर, 7 नवम्बर (कासं)। जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब पर सोमवार को एक विशेष प्रवासी पक्षी अमूर फैल्कन देखा गया। जालोर जिले में अमूर फैल्कन दिखने का यह पहला मौका है। ये पक्षी अपनी 11,000 किमी की यात्रा में केवल कुछ दिन ही भारत में बिताते हैं।

पक्षी अध्येता यशवंत गहलोत ने बताया कि ''भारत में पक्षियों की लगभग 1350 प्रजातियां पाई जाती हैं। जालोर जिले में 207 प्रजातियां रिकॉर्ड की गई हैं। इन प्रजातियों का विवरण ई बर्ड पर देखा जा सकता है। अमूर फैल्कन छोटे आकार के शिकारी पक्षी हैं जो साइबेरिया, चीन और उत्तर कोरिया में अपनी गर्मियां बिताते हैं और शीतकालीन प्रवास के लिए भारत और

- **जालोर शहर के सुन्देलाव तालाब पर प्रवासी आमुर फैल्कन देखा गया। जालोर में पहली बार यह पक्षी दिखा है।**

श्रीलंका के रास्ते दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका जाते हैं। इस तरह ये कुछ ही दिन भारतीय मैदानों में बिताते हैं।''

बेंगलुरु में नाबार्ड अधिकारी यशवंत गहलोत और एनसीटीई सदस्य संदीप जोशी ने अमूर फैल्कन की तस्वीरें ली। इस टीम ने सुन्देलाव तालाब के आस-पास देशी-विदेशी पक्षियों की पचास से अधिक प्रजातियां रिकॉर्ड की, जिनमें नॉर्दन शॉवलर, ब्लूथ्रॉट, रफ, कॉमन सैंडपाइपर, वुड सैंडपाइपर, लिटल रिंगप्लोवर, कॉमन मूरहेन, लेसर ग्रेब, कॉमन पोचर्ड प्रमुख हैं। यशवंत पिछले आठ वर्षों से पक्षियों का शौकिया अध्ययन कर रहे हैं।

जालोर का सुन्देलाव तालाब इन दिनों विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों से गुलजार हो रहा है। सर्दी का मौसम प्रारंभ होते ही दुनिया के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अखिलेश यादव धौलपुर आए

धौलपुर 7 नवम्बर (निस)। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर में सोमवार को डायमंड जुबली सेलिब्रेशन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चार चाँद लगाने के लिए पूर्व छात्र भी आए।

समारोह के चीफ गेस्ट उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव रहें, जो राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के पूर्व

- **अखिलेश धौलपुर मिलिटरी स्कूल के पूर्व छात्र हैं और अपने स्कूल के डायमंड जुबली कार्यक्रम में बतौर चीफ गैस्ट आए थे।**

छात्र हैं। समारोह की शुरुआत सुबह दिन चढ़ते ही हो गई। सर्वप्रथम विद्यालय के पूर्व छात्रों ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के प्रथम प्रिंसिपल की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया।

वर्तमान छात्रों ने विज्ञान, कला, डिजाइन और प्रौद्योगिकी आदि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई। उद्घाटन विद्यालय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हमलावर की गोली से घायल इमरान की चुनाव कराने की मांग को व्यापक समर्थन मिल रहा है

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने, उन पर हुये जान लेवा हमले के बावजूद, शीघ्र ही आम चुनाव कराये जाने की माँग पर जोर देते रहने का वादा किया था ज्ञातव्य है कि इमरान खान उस समय सत्ता से अपदस्थ हो गये थे, जब देश की संसद में अविश्वास प्रस्ताव के समय उनके प्रमुख गठबंधन पार्टनरों ने उनसे समर्थन वापस ले लिया था।

अभी पिछले सप्ताह ही, उन पर जान लेवा हमला करते हुये उन पर गोली चलाई गई थी लेकिन भाग्य से, वे गोलियाँ उनके पैरों में लगीं। इस घटना के बाद पाकिस्तान की जनता तथा खासतौर से देश के युवा वर्ग में उनका समर्थन और बढ़ गया।

इमरान पर आया यह संकट कारगर रहा है, जैसा कि तथ्य से प्रकट हो रहा है कि देश की संसद की नौ सीटों के लिये

## इस समर्थन का प्रमाण है, पाकिस्तान की संसद के लिये हुए नौ उपचुनावों में आठ सीटों पर इमरान की पार्टी की विजय

- **इमरान के अभियान के दो मुद्दे भी पाकिस्तान में जन समर्थन पा रहे हैं।**
- **पहला मुद्दा है, अमेरिका उनके (इमरान के) पूर्णतया खिलाफ है, और इसी कारण पाकिस्तान की दोनों बड़ी पार्टियाँ, पीपुल्स पार्टी ऑफ पाकिस्तान व मुस्लिम लीग, भी इमरान के खिलाफ हैं।**
- **इमरान के अभियान का दूसरा मुद्दा है कि, भारत की भांति, पाकिस्तान भी, एक स्वतंत्र विदेश नीति बनाये और उसका अनुसरण करे।**
- **इन दोनों मुद्दों के समर्थन में इमरान का कहना है, वे शुरु से कह रहे थे कि, अफगानिस्तान का युद्ध, किसी और देश (अमेरिका का) युद्ध है, पाकिस्तान इस युद्ध में क्यों भागीदार बन रहा है। इसी विचार के कारण इमरान ने प्र.मंत्री बनने के बाद अमेरिका के लड़ाकू विमानों को अफगानिस्तान जाते समय पाकिस्तान में रुकने व पैट्रोल लेने की सुविधा समाप्त कर दी थी, जो एक कारण बनी थी, अमेरिका के अफगानिस्तान से शर्मनाक तरीके से निकल जाने के लिये।**
- **पाकिस्तानी जो विदेशों में रह रहे हैं, भी इमरान की स्वतंत्र विदेश नीति के नारे को बहुत पसंद करते हैं, जिसका प्रमाण था, इन पाकिस्तानियों द्वारा इमरान के शासनकाल में भारी मात्रा में विदेशों से धन कमा कर, पाकिस्तान भेजना।**

हाल ही में हुये चुनावों में, इमरान खान ने आठ सीटें जीत ली हैं।

और भी संकटपूर्ण बात यह थी कि इमरान की पार्टी पी.टी.आई. अकेली ही 13 पार्टियों के गठबंधन के खिलाफ लड़ी थी। इन 13 राजनैतिक दलों में दो प्रभावशाली दल भी शामिल थे। इससे यह आशा बँधती है कि अगर संसद के आम चुनाव होते हैं तो इमरान खान इकतरफा जीत हासिल करते हुये, बड़े बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही लाहौर तथा देश के अन्य स्थानों से इस्लामाबाद तक की विरोध-मार्च फिर से शुरु करेंगे। वे गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती हो गये थे तथा अब वहाँ से घर वापस आ गये हैं। उपलब्ध जानकारियों के अनुसार, उनकी पाकिस्तान तहरीके-इस्लाम (पी.टी.आई.) ने ताजा विरोध-मोर्चों की तैयारियाँ फिर से शुरु

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

हम यहाँ किसी विशेष कारण से हैं। इसीलिए अपने भूत का कैदी बनना छोड़िये। अपने भविष्य के निर्माता बनिए। –रोबिन शर्मा

# हादसे-दर-हादसे, कब रुकेगा यह सिलसिला?

देश में प्रतिदिन कहीं न कहीं से किसी हादसे की खबर सुनने को मिलती रहती है। ये हादसे चाहे वह बस की दुर्घटना के हों, रेल दुर्घटना के हों, भगदड़ मचने से हो, पुल टूट जाने से हो, किसी भवन में आग लग जाने के कारण हों अथवा सीवर टंकी में डूब जाने के कारण हो। प्रत्येक हादसे में इन्सान अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। प्रत्येक हादसे के बाद सरकार उसकी जांच कराने की घोषणा करती है एवं जनता को आश्वासन देती है कि इस प्रकार के हाथ से भविष्य में नहीं होंगे। यह संदिग्ध है कि क्या इन हादसों से कोई सीखता है अथवा नहीं? यदि किसी ने भी इन हादसों से किसी प्रकार की कोई सीख ली होती तो, इतनी नियमितता के साथ इतने हादसे नहीं होते।

इस लेख में हम, इन हादसों में से कुछ के कारणों का विश्लेषण करने एवं कम करने के कुछ उपाय पर विचार करेंगे।

मिग-21 वायुयान एयरपोर्ट के उड़न दस्ते का भाग है। हर दो-तीन महीने में हम इस हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पढ़ते हैं। इनमें से कई बार हम अपने जांबाज पायलटों को खो भी देते हैं। इसके उपरांत भी किसी ने यह नहीं सोचा कि इस प्रकार के हवाई जहाज को भारत भारतीय वायुसेना के बेड़े से हटा दिया जाए। पायलट की जान की कोई कीमत शायद भारत सरकार के लिए नहीं है। इसका कोई वैकल्पिक तरीका भी हो सकता है, लेकिन उसे खोजने का प्रयास तब होगा जब किसी दुर्घटनाग्रस्त मिग-21 का पायलट किसी बड़े नेता का कोई रिश्तेदार होगा। भगदड़ से होने वाले हादसों की बात करें तो तो हमारे सामने कुछ समय पूर्व जोधपुर के मेहरानगढ़ में भगदड़ से मरने वालों का दृश्य सामने आ जाता है। इसी प्रकार गुजरात में कुछ साल पहले दर्शनार्थियों में भगदड़ मचने से कई लोग मारे गए थे। हाल ही में मथुरा में वृंदावन में दर्शन करते समय भगदड़ मचने से कुछ मौतें हुईं।

भगदड़ में लोग तब ही मरते हैं जब आवश्यकता से कहीं अधिक लोग एक स्थान पर एकत्रित हो जाते हैं और निकलने का रास्ता बंद हो जाए। प्रशासन को जब यह पता होता है कि किसी भी स्थान की क्षमता निश्चित है तो उस पर आने का मार्ग पर बहुत पहले ही क्यों नहीं बंद कर दिया जाता। यात्रियों को बड़ी बेकाबू भीड़ में परिवर्तित होने से को रोका जा सकता यदि प्रशासन समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर ले।

हाल ही में, मोरबी के पुल टूटने से 100 से अधिक व्यक्ति मारे गए। इस पुल को मरम्मत के बाद 7 माह पूर्व ही खोला गया था। आज इतने तकनीकि विकास के विकास होने के पश्चात यह पता करना कतई मुश्किल नहीं है कि किसी पुल पर भार वहन करने की क्षमता कितनी है? इससे अधिक किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति को जाने की अनुमति नहीं होनी चाहिए। यदि इस छोटी सी बात का ध्यान रख लिया जाता तो सम्भवतया मोरबी की दुर्घटना को टाला जा सकता था। नियमों का पालन करने में हमारा देश बहुत ही पीछे है। हाल ही में, हमें दक्षिण अफ्रीका की यात्रा के दौरान, केपटाउन एक पर्यटन स्थल, टेबल माउंटेन पर रोपवे से जाना था, किंतु दो बार प्रयास करने पर भी हम असफल रहे, क्योंकि केबल कार को वायु की हवा की गति अधिक के कारण बंद कर दिया गया था। हवा की गति जब अधिक होती है तो केबल कार के पत्थरों से टकराने की संभावना होती है। इसी कारण दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने इस नियम को कड़ाई से लागू किया और इस बात की अधिक चिंता नहीं कि कुछ लोग टेबल माउंटेन को नहीं देख पाएंगे। मैं विचार कर रहा था कि यदि भारत में ऐसी स्थिति होती तो किसी बड़े नेता या प्रभावशाली व्यक्ति के कहने पर उसे प्रारंभ कर दिया जाता। यह संभव है कि कई बार ऐसा करने पर दुर्घटना न भी हो, किंतु जब दुर्घटना हो जाए तो फिर उसमें मरने वालों का जिम्मेदार कौन होता? बसों के हादसों की संख्या तो इतनी अधिक है इसकी चर्चा करना भी व्यर्थ लगता है। बसों के हादसों का एक प्रमुख कारण वाहन चालकों का लंबे समय तक लगातार काम करते रहना है, न उन्हें पूर्ण विश्राम मिलता है ना उन्हें साप्ताहिक अवकाश। दक्षिण अफ्रीका में हमने देखा कि कोई भी ड्राइवर बस को लगातार 2 घंटे से अधिक नहीं चला सकता एवं उसके पश्चात उसे अनिवार्य रूप से विश्राम करना ही होता है। कहीं कोई देखने वाला नहीं था, तब भी इस नियम की सदैव पालना होते हुए हमने देखा। इसके विपरीत भारत में कई बार एक ही ड्राइवर पूरी रात वीडियो कोच चलाते हैं। ड्राइवर द्वारा लगातार 10-12 घंटे तक बस चलाने के कारण अधिकांश हादसे हुए, जिनमें अनेक लोगों की मौत हुई। बस के फिटनेस सर्टिफिकेट की जांच नहीं की जाती है। यह नहीं देखा जाता कि इसका समय पर नवीनीकरण कराया जाता है या नहीं? कई बार यह देखा गया कि हादसे की जांच में यह सामने आया कि बिना प्रमाण पत्र के बस पहाड़ी मार्ग पर चल रही होती है।

**जब एक बार हादसे के कारणों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को, चाहे वह कितने ऊंचे पद पर क्यों ना हो, दंडित होते हुए लोग देखेंगे तो अगली बार में शॉर्टकट ढूंढने के बजाय, जनता की सुरक्षा के हित में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नागरिकों को भी कुछ कम टिकट में यात्रा करने के लालच को छोड़ना होगा।**

हादसों के दो कारण हो सकते हैं, एक तो विशुद्ध रूप से प्राकृतिक और दूसरा मानव निर्मित। सभी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के बावजूद हादसे हो जाएं या प्रकृति के प्रकोप के कारण हादसे हो जायें, उन्हें कई बार टालना मनुष्य के लिए संभव नहीं होता। जो हादसे प्रशासन की लापरवाही अथवा लोभ के कारण हो, उन पर तो निश्चित रूप से नियंत्रण किया ही जा सकता है। जिससे हजारों लोग अपनी जान गवाने से बच सकें। हादसों की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया जाता एवं उनके लिए दोषी व्यक्तियों को समय पर पर्याप्त दंड नहीं मिलता है। उदाहरण के लिए मेहरानगढ़ जोधपुर किले में हुए हादसे में लगभग 300 व्यक्तियों की जान गई। उसके लिए न्यायिक आयोग भी बनाया गया। उस न्यायिक आयोग ने अपनी रिपोर्ट भी सरकार को दे दी, किंतु उसे सार्वजनिक कई सालों बाद भी नहीं किया गया। इसे यदि सार्वजनिक किया गया होता, तो इसके कारणों का पता सबको लगता एवं उसके आधार पर भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समुचित प्रयास करना सुनिश्चित हो पाता। पता नहीं सरकार की क्या मजबूरी है जो इस प्रकार के हादसों की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं करती। इससे कुछ प्रभावशाली लोगों को बचा भले ही लिया जाए, किंतु इससे खामियाजा तो साधारण जनता को ही भुगतना पड़ता है ।

बिजली के तारों से बसों में कई बार करंट के कारण अनेक लोगों ने अपनी जान गंवाई है। इसका एक प्रमुख कारण, विद्युत प्रवाहित होने वाले बिजली के तारों का झूल कर लटकना है, जो बस के संपर्क में आने से बस के साथ ही सभी यात्री भी जल जाते हैं। ऐसे हादसे लगातार होने के बावजूद अब भी स्थिति जस की तस है। ना तो ढीले तारों को ठीक किया गया है, न इन तार में विद्युत प्रवाह को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है। क्या आज के वैज्ञानिक युग में ऐसा कोई तरीका नहीं निकल सकता, जिससे इस प्रकार के विद्युत तारों के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके?


विभिन्न प्रकार के हादसों के लिए जहां प्रमुख रूप सरकार जिम्मेदार है, वहीं नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। विभिन्न प्रकार के नियमों के अंतर्गत जो आवश्यक प्रमाण पत्र लेना रोपवे चलाने वाली कंपनी अथवा अन्य प्रकार के किसी उपक्रम के लिए आवश्यक है, उनका शॉर्टकट ढूंढने की भारतीय प्रवृत्ति के कारण इस प्रकार के हादसे और अधिक होते रहे हैं। क्यों नहीं कोई बस का मालिक अपनी बस का समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र ले? क्यों नहीं रोप-वे संचालित वाली कंपनी उन सभी सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करती हैं, जो इसी प्रकार के हादसे को जन्म दे सकते हैं?

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि हादसों को रोकने के लिए जहां बड़े कठोर कानून एवं नियमों की आवश्यकता है, वहीं यह भी आवश्यकता है कि इन नियमों का पालन करने में जनता भी अपना कर्तव्य निभाएं। जो उपक्रम इन नियमों का पालन करने से स्वयं को बचा लेते हैं और फिर भी किसी भी प्रकार की सजा नहीं पाते हैं, वही अन्य लोगों को भी इस प्रकार का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इसके परिणामस्वरूप हादसों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। यदि इसे तोड़ना है, तो नागरिकों को भी सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी व्यवस्था को सुचारू रूप में चलाने हेतु अपनी ओर से समुचित नियमों का पालन करें। व्यावसायियों को भी अपने स्वार्थ को लोगों की जान बचाने हेतु छोड़ना होगा। राजनीतिक संरक्षण समाप्त करना होगा। हादसे की जांच रिपोर्ट को के कारणों को सार्वजनिक करना आवश्यक है एवं यदि किसी भी व्यक्ति एवं विभाग द्वारा इस प्रकार का कार्य किया गया हो, जिससे हादसे हुए हैं, तो उसके लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करके उसे कठोरतम दंड देने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। जब एक बार हादसे के कारणों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को, चाहे वह कितने ऊंचे पद पर क्यों ना हो, दंडित होते हुए लोग देखेंगे तो अगली बार में शॉर्टकट ढूंढने के बजाय, जनता की सुरक्षा के हित में पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। नागरिकों को भी कुछ कम टिकट में यात्रा करने के लालच को छोड़ना होगा। वाहन की क्षमता से अधिक उसमें नहीं बैठ कर अगले वाहन की प्रतीक्षा करनी होगी। इसी प्रकार जहां अत्यधिक भीड़भाड़ होने की संभावना हो, वहां समुचित सावधानी बरतनी होगी। क्या यह संभव नहीं है कि प्रत्येक स्थल की व्यक्तियों एवं वाहनों की कुल क्षमता का प्रदर्शन सार्वजनिक कर दिया जाए ताकि कोई भी व्यक्ति अपने आपको दण्डित होने जाने से बचा न पाए। भारत में विभिन्न त्योहारों के अवसर कुछ स्थलों पर अत्यंत भीड़ होने की आशंका बनी रहती है। इसे समुचित स्थान पर नियंत्रित करना शासन-प्रशासन के लिए कठिन नहीं है। आवश्यकता केवल संवेदनशीलता की है। शासन की संवादहीनता तो इस हद तक मर चुकी है कि बड़े हादसे में सैंकड़ों व्यक्तियों के मरने के तत्काल बाद उसके प्रतिनिधि उत्सव मनाने में जुट जाते हैं।

एक और प्रवृत्ति हमारे देश में देखी जाती है, वह है, विडंबना है कि नियमों का पालन करने और कराने वालों को हेय दृष्टि से देखा जाता है। सरकार के नेता एवं उच्च अधिकारी भी ऐसे लोगों को पसंद नहीं करते जो सभी लोगों से समान रूप से नियमों की पालन कराने हेतु सख्ती करें। नियमों की पालना कराने वालों को संरक्षण और प्रोत्साहन मिलेगा, तो नियमों की पालना करने की प्रवृत्ति में वृद्धि होगी, साथ ही नियमों को तोड़ने वालों एवं उन्हें संरक्षण देने लोगों को लाभ पहुंचाने वाली प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# हिन्दू-मुस्लिम एकता के मसीहा गुरूनानक का जीवन और दर्शन



यादरामसिंह यादव



महान सन्त गुरूनानक का जन्म 15वीं सदी में सन् 1469 ई. में हुआ था। उस समय मुसलिम शासनकाल में धर्म के नाम पर कट्टरता का वातावरण था, तब उन्होंने ऐसे मानवतावाद को जन्म दिया जिसमें जाति संस्कार रीति-रिवाजों के प्रति आक्रोश की भावना पैदा होती है।

कवि होने के कारण उन्होंने अपनी रचनाओं में दार्शनिक तत्वों का समावेश कर, सिक्ख धम की स्थापना की। गुरूनानक में पैगम्बर, दार्शनिक, भगवत भक्त, ब्रह्मज्ञानी, गृहस्थ त्यागी, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त, दीनदुखियों के रक्षक विश्वबन्धु व मानवप्रेमी के गुण विद्यमान थे। गुरूनानक के समय समाज में मुसलमान शासकों का लूट एवं आक्रमणकारी रवैया था, तो हिन्दुओं ने अपने को वर्गों, जातियों और सम्प्रदायों में बांट रखा था। उनके समय में हिन्दु तथा इस्लाम ये दोनों धर्म भ्रष्ट एवं पतित हो चुके थे और हिन्दू धर्म की आत्मा मर चुकी थी। राजनैतिक व्यवस्था तो और भी खराब थी।

जिसका वर्णन स्वयं नानकदेव ने इस प्रकार किया है कि:- ''कलि काले राजे का सांई, धरमु पंखु करि उडरिया'' अर्थात् यह काल तलवार सा है। शासक व राजे-कसाईयों के समान हैं, अच्छाई पंख लगाकर उड़ चुकी है।

उनका सूत्र वाक्य था 'ना कोई हिन्दू है और ना कोई मुसलमान' अर्थात सभी मानव मात्र हैं। गुरूनानक देव दोनों वर्गों में एकता के लिए झंडा लेकर ''आसाम से मक्का और वाराणसी से सिंहल तक की यात्रा की थी। नानक ने कहा कि:- 'ईश्वर एक है, जो सब पैगम्बरों व अवतारों से ऊँचा है।' उन्होंने अपना सारा जीवन हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए लगा दिया। नानक जी जब मक्का में हाजी बनकर गये तो अनेक बड़ी हस्तियों से उनकी धर्म चर्चा हुयी। भाई गुरूदास ने इसका वर्णन करते हुए लिखा है कि 'यह बताओ कि कौन बड़ा है? हिन्दू या मुसलमान?' नानक ने जवाब दिया कि- 'नेक अमल के बगैर न हिन्दू, हिन्दू है और ना मुसलमान, मुसलमान।'

नानकदेव कहते थे कि- 'मनुष्य में स्थित आत्मा में ईश्वर की ज्योति को पहचानो। ईश्वर के सानिध्य में कोई जाति नहीं होती। ''जाणह ज्योति न पूंछहू जाति अगै जाति न है।''

गुरूनानक ने कहा- 'मैं सब मनुष्यों को उत्तम मानता हूँ, किन्तु किसी को अक्षम नहीं। समूची सृष्टि में एक ही ज्योति व्याप्त है, अत: जन्मत जाति व्यर्थ है। गुरूनानक ने लंगर प्रथा का प्रारम्भ कर सभी जाति व धर्मों वालों को एकता से सूत्र में पिरोने का महति कार्य किया। मध्यकाल में नारी समाज में बड़ी तिरस्कृत व हेय दृष्टि से देखी जाती थी। गुरूनानक ने सदियों से उपेक्षित एवं अबला समझी जाने वाली नारी को उसके खोये हुए अधिकारों को वापिस दिलाया। सिद्धों, जोगियों, नाथों एवं कई सन्तों ने स्त्री को माया व भगवत प्राप्ति में बाधक बताया। जो राजाओं, सन्तों व राजयोगियों की जन्मदायी है। गुरूनानक ने कहा कि जिस नारी ने हमें जन्म दिया, बड़े-बड़े पीर, महात्मा पैदा किये, उसे नीच, बुरा कहना क्या ठीक है।

नानक कहते थे कि जैसा तुम दूसरों को देखना चाहते हो वैसे पहले तुम स्वयं बनो तब तुम्हे सर्वत्र अपना ही रूप दिखाई देगा। गुरूवाणी में लिखा है:- ''मन अपने से बुरा मिटाना, देखे सकल सृष्ट साजना।'' यदि मानव अपने मन से बुरी भावना हटा देगा, तब वह दूसरे के दुख दर्द को अपना दर्द समझता है वही सच्चा मानव है। इस प्रकार गुरूनानक देव ने एक ईश्वरीय शक्ति दार्शनिक सिद्धान्त पर जाति विहीन सिक्ख धर्म की स्थापना की। वर्तमान युग में ऐसे महान सन्त के विचार एवं दर्शन को अपनाने की अत्यन्त आवश्यकता है।

**यादरामसिंह यादव,**
**स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार**

## प्रदेश के छह बस डिपो होंगे हाइटेक

**■ झुंझुनूं समेत छह बस डिपो हाइटेक सुविधाओं के साथ तैयार होंगे**

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान रोडवेज बस डिपो अब हाइटेक सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए तैयार होंगे। इसको लेकर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। शुरुआती चरण में प्रदेश के 6 डिपो को हाइटेक रूप से विकसित किया जाएगा। इसको लेकर करीब 35 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

प्रदेश में जयपुर, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर व कोटा के साथ झुंझुनूं बस डिपो को हाइटेक रूप में विकसित किया जाएगा। इन बस डिपो पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय के साथ प्लेटफॉर्म बस शेल्टर डिपो के नए भवन, सड़क तथा महिलाओं के लिए अलग से प्रतिक्षालय के साथ-साथ अत्याधुनिक सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा। गत दिनों रोडवेज प्रशासन की ओर से इन डिपो में डीपीआर बनाने को लेकर टीमों ने विजिट कर सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए डीपीआर तैयार की है। परिवहन मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के छह बस डिपो को हाइटेक रूप में विकसित किया जाएगा। इन डिपो में अत्याधुनिक सुविधाएं होगी। साथ ही यात्रियों के लिए उच्च श्रेणी के प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे। इन डिपो को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाने को लेकर 35 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है। टेंडर होने के बाद इन डिपो में काम शुरू होगा। डिपो के हाइटेक होने से यात्रियों का रुझान रोडवेज बसों की ओर बढ़ेगा। साथ ही रोडवेज की आमदनी में भी इजाफा होगा।

## जैसलमेर में दिखा ''लार्ज कॉरमोरैंट''

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। प्रवासी पक्षी लार्ज कोरमोरांट को पर्यावरण संरक्षक सुमेर सिंह भाटी ने देखा, जिसकी सूचना उन्होंने टीम ओरण सदस्य पर्यावरण प्रेमी पार्थ जगाणी को दी। जगाणी ने बताया कि लार्ज कॉरमोरैंट जिसे हिंदी में बड़ा पनकौआ कहते हैं।

**■ लार्ज कॉरमोरैंट जिसे हिंदी में बड़ा पनकौआ कहते हैं**

सर्दियों में जैसलमेर के गड़ीसर तालाब में नजर आता है, परन्तु देगराय ओरण क्षेत्र में यह पहली बार देखा गया है। यह पक्षी समुद्री किनारों और यूरोप, एशिया व ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड के अंदरूनी ताजे पानी की नदियों, झीलों व तालाबों में सामान्यत: पाया जाता है।



पक्षी बड़ा पनकौआ।

# जाति व्यवस्था समाप्त करने के लिए लंगर व्यवस्था लागू की गुरु नानक देव ने



पन्नालाल मेघवाल

गुरु नानक देव ने बचपन से ही रूढ़िवादी सोच का विरोध किया था। एक बार उनके पिताजी ने 20 रुपए देकर बाजार भेजा और कहा कि खरा-सौदा लेकर आना। उन्होंने उन रुपयों से भूखे साधुओं को भोजन करा दिया। लौटकर उन्होंने पिताजी से कहा कि वह खरा-सौदा कर आए हैं।

जाति व्यवस्था से ऊंच-नीच एवं छोटे-बड़े का भाव रहता है। उन्होंने समाज से इस बुराई को समाप्त करने के लिए सर्वत्र लंगर व्यवस्था की शुरुआत की। गुरु नानक देव निर्गुण-उपासक एवं मूर्ति पूजा के खिलाफ थे। उनका कहना था कि ईश्वर एक है, वह सर्वशक्तिमान है, वही सत्य है। वे मानव धर्म के प्रबल समर्थक थे। गुरु नानक देव एक दार्शनिक, समाज सुधारक, गृहस्थ, योगी एवं देश भक्त थे।

गुरु नानक देव सिखों के प्रथम गुरु हैं। वे सिख धर्म के संस्थापक के साथ ही मानव धर्म के उत्थापक भी थे। वे संसार से त्याग एवं सन्यास के खिलाफ थे। उन्होंने सांसारिक जीवन जीते हुए सिख धर्म एवं मानव धर्म की सेवा एवं प्रचार-प्रसार किया। गुरु नानक देव का जन्म 15 अप्रैल 1469 को लाहौर से 65 किलोमीटर दूर स्थित तलवंडी नामक स्थान पर हुआ था। बाद में तलवंडी का नाम ननकाना साहब पड़ा जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में है। गुरु नानक देव के पिता का नाम कल्याणचंद मेहता (कालूजी), माता का नाम तृप्तादेवी, बहन का नाम नानकी, पत्नी का नाम सुलक्षिणी एवं पुत्रों का नाम श्रीचंद एवं लक्ष्मीदास था। गुरु नानक देव का देहावसान करतारपुरा में 1539 में हुआ। स्वर्गारोहण से पूर्व उन्होंने बाबा लहना को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। वे गुरु अंगददेव के नाम से प्रसिद्ध हुए।

गुरु नानक देव ने उपदेश दिया कि ईश्वर हम सबका पिता है। कोई बड़ा-छोटा नहीं है। कोई आम या खास नहीं है। उनका उपदेश है कि कभी भी किसी का हक नहीं छिनना चाहिए। मानव को मेहनत और ईमानदारी से अपना कार्य करना चाहिए। इस ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंदों को भी कुछ देना चाहिए। उनका मानना था कि महिला एवं पुरुष बराबर हैं। इसलिए महिलाओं का भी पुरुषों के समान सम्मान करना चाहिए। गुरु नानक देव का मानना था कि धन को जेब तक ही रखना चाहिए उसे हृदय में स्थान नहीं देना चाहिए।

उनका उपदेश था कि सदैव एक ही ईश्वर की आराधना करनी चाहिए। ईमानदारी और परिश्रम से ही पेट भरना चाहिए।हमें किसी को सताना नहीं चाहिए। सांसारिक बातों से इतना मोह नहीं करना चाहिए कि ईश्वर को याद करने का समय ही न हो। इस दृष्टि से गुरु नानक देव सिख धर्म के ही नहीं बल्कि संपूर्ण मानव धर्म के संस्थापक रहे हैं।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार**

## शौचालय एवं कचरे के ढेर के बीच चल रहा आंगनबाड़ी केंद्र



शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के दरवाजे पर लगा गंदगी का ढेर।

**■ विभागीय लापरवाही के चलते बालकों का जीवन संकट में**

**चाकसू,** (निसं)। राजस्थान सरकार, नगरपालिका चाकसू व भारत सरकार के तमाम स्वास्थ्य व स्वच्छता के दावों के बाद भी चाकसू नगरपालिका क्षेत्र के हालात भगवान भरोसे चल रहे हैं। यहां मुख्य बाजार स्थित सरकारी गोदामों के मध्य स्थित खाली जगह पर नगरपालिका ने सुलभ शौचालय बना डाला। इससे लगता ही विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बना डाला। हालत यह है कि उसके बाद नगरपालिका सफाई कर्मचारियों ने शौचालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के ठीक सामने कचरा संग्रहण केन्द्र बना डाला। केन्द्र पर सेवा लेने वाले बच्चों व महिलाओं को रोजाना समस्या से दो-चार होना पड़ता है। आश्चर्यजनक बात यह भी है कि शौचालय के पास प्राचीन हनुमान मंदिर बना हुआ है, यहां सार्वजनिक प्याऊ चल रही है। हजारों लोगों का बाजार में आवागमन रहता है। वार्ड पार्षद विनोद कुमार राजोरिया, राधादेवी शर्मा, सलमा खान समाजसेवी शफीक खान सहित आस-पास के दुकानदार इन हालातों की तरफ प्रशासन का ध्यान भी आकर्षित कर चुके हैं, लिखित में शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन समाधान किसी स्तर से भी नहीं हो पा रहा है।

## राशिफल मंगलवार 8 नवम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, भरणी नक्षत्र रात्रि 1:39 तक, व्यतिपात योग रात्रि 9:45 तक, बव करण सांय 4:32 तक, चन्द्रमा आज मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मेष, मंगल-मिथुन, बुध-तुला, गुरू-मीन, शुक्र-तुला, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से सांय 4:32 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 1:39 से आरम्भ होगा। आज कार्तिक पूर्णिमा, सत्यव्रत, गुरू नानक जयन्ती, देव दिवाली है और कार्तिक स्नान और अष्टानिका महापत्र पूर्ण होगा। आज मन्वादि और भीष्म पंचक समाप्त होंगे। पदमक योग रात्रि 1:39 से आरम्भ होगा। आज खग्रास चन्द्रग्रहण सम्पूर्ण भारत में ग्रस्तोदय के रूप में दिखाई देगा। ग्रहण आरम्भ दिन 2:39 से होगा। ग्रहण मध्य 4:29 और समाप्ति 6:19 पर होगी। सूतक आज सूर्योदय से ग्रहण समाप्ति तक रहेगा। आज चन्द्रोदय 5:37 पर होगा।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 9:01 तक, शुभ 10:43 से 12:26 तक, चर 3:50 से 5:33 तक, लाभ 5:33 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:45, सूर्यास्त 5:36

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त कार्य करना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह**
व्यावसायिक प्रयासों में सार्थक/उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है और अनबन होने का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**कन्या**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में ऊचित सोच-विचार हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कारणों से भागदौड़ बनी रहेगी।

# रेलवे अस्पताल में बुजुर्ग की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

**अजमेर,** (कासं)। ब्यावर रोड स्थित रेलवे अस्पताल में सोमवार सुबह रेलवे से रिटायर्ड बुजुर्ग कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से गुस्साए परिजन ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। नौबत डॉक्टर और परिजन हाथापाई तक पहुंच गई।

चिकित्सकों के साथ हुई हाथापाई के बाद चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार करते हुए अस्पताल से बाहर आ गए। सूचना पर पहुंची रामगंज थाना पुलिस ने चिकित्सकों और परिजन से समझाइश कर मामला शांत करवाया। मृतक बुजुर्ग के परिजन ने डॉ. मुकेश बागड़ी पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजन व चिकित्सकों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि 4 नवंबर को जोंसगंज निवासी रेलवे से रिटायर्ड कर्मचारी प्यारेलाल सांखला को इलाज के लिए रेलवे अस्पताल लाया गया था, जहां उनका इलाज चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था। इसी बीच परिजन ने डॉक्टर व नर्सिंग कर्मियों से सलाह ली कि अगर यहां सुधार नहीं होता है तो वह अन्य अस्पताल में मरीज को शिफ्ट कर सकते हैं, जिस पर परिजन को डॉक्टर और नर्सिंग कर्मियों द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। इसी बीच बीती रात को प्यारेलाल की तबीयत ज्यादा खराब हो गई, जिससे उसकी मौत हो गई।


रामगंज थाना पुलिस ने चिकित्सकों और परिजनों से समझाइश कर मामला शांत करवाया।


बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि रेलवे अस्पताल में दो दिनों तक अस्पताल में न तो नर्सिंग कर्मी और न ही किसी चिकित्सक ने कोई इलाज दिया। इसके चलते बुजुर्ग प्यारेलाल सांखला की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन सुबह अस्पताल एकत्रित हुए और उन्होंने हंगामा करते हुए अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान अस्पताल प्रशासन और परिजन के बीच बात झगड़े और धक्का मुक्की तक पहुंच गई। मामले की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस ने दोनों पक्षों से समझाइश करते हुए बातचीत की और इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। तो वही अस्पताल के चिकित्सकों और नर्सिंग कर्मियों ने

- चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया

परिजन द्वारा की गई बदसलूकी व धक्का मुक्की को लेकर कार्य बहिष्कार करते हुए अस्पताल से बाहर आ गए।

रामगंज थाने के एएसआई मनीराम ने बताया कि मरीज बुजुर्ग प्यारेलाल की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने परिजन की ओर से झगड़ा करने की सूचना दी थी, जिस पर परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप में शिकायत दी है तो वहीं रेलवे अस्पताल के अधीक्षक व तीन डॉक्टरों ने परिजन पर राजकार्य में बाधा व मारपीट के आरोप में शिकाय दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# सूने मकान से डेढ़ लाख की नकदी पार


महावीर मानसिंगका कॉलोनी में दिनदहाड़े हुई चोरी के दौरान सामान बिखरा पड़ा मिला।

**बिजयनगर,** (निसं)। महावीर मानसिंहका कॉलोनी में दूसरे दिन दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए डेढ़ लाख की नगदी उड़ा कर ले गए। शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत है। शनिवार रात्रि को महावीर मानसिंहका कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने चार जगह ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वही दूसरी ओर सोमवार को दिनदहाड़े महावीर मान सिंहका कॉलोनी में अज्ञात चोर करीब डेढ़ लाख की नगदी ले जाने में सफल हो गए।

शनिवार रात्रि को सूने मकान में राजेंद्र कुमार संचेती के मकान में चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया। घर में रखी अलमारी के ताला तोड़कर खंगालते हुए अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया। मकान मालिक राजेंद्र कुमार संचेती बाहर होने के कारण चोरी गए माल का आकलन नहीं हो पाया। उसी के समीप दो मकान आगे महावीर मानसिंगका कॉलोनी निवासी अभिषेक टिकलियां के मकान नंबर 119 को सोमवार को दिनदहाड़े चोरों ने निशाना बनाया।

- महावीर मानसिंहका कॉलोनी में चोरी की घटनाओं से कॉलोनी वासियों में दहशत

चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश करते हुए घर के दो कमरों के ताले तोडे कमरे में रखी अलमारी कों खंगालते हुए उसमें रखें डेढ़ लाख रुपए की नगदी ले जाने में कामयाब रहे। महावीर मानसिंहका कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से कॉलोनी वासियों मे दहशत है वही चोरों के हौसले बुलंद है। प्रार्थी अभिषेक टिकलिया ने बताया कि सोमवार दोपहर में 20:25 मिनट के लिए आवश्यक काम के लिए बाजार जाने के दौरान अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर पहुंचने पर मुख्य द्वार के ताले टूटे देखकर उसके होश उड़ गए। प्रार्थी अभिषेक टिकलिया ने चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की वारदात स्थल का मुआयना किया। आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ करते हुए कॉलोनी के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाले। पुलिस ने अज्ञात चोरों की तलाश शुरू की।

# नसीराबाद पालिकाध्यक्ष का उपचुनाव त्रिकोणीय

**नसीराबाद,** (निसं)। प्रदेश की सबसे छोटी नगरपालिका में शुमार नसीराबाद नगर पालिका के अध्यक्ष पद के उपचुनाव में सोमवार को नाम वापसी के बाद तस्वीर साफ हो गई। ज्ञात रहे 4 नवंबर को 4 प्रत्याशियों ने छह नामांकन पत्र दाखिल किए थे जिसमें भाजपा से अनीता मित्तल व सरोज मिश्रा ने दो-दो नामांकन पत्र दाखिल किए थे।

एक-एक भाजपा से व एक एक निर्दलीय के रूप में कांग्रेस से पूनम सांखला ने भी दो नामांकन पत्र दाखिल किए थे। एक कांग्रेस से व एक निर्दलीय के रूप में। वही ऋतुका सोनी ने कांग्रेस से एक नामांकन पत्र दाखिल किया था। शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद सरोज बिस्सा व पूनम सांखला का भाजपा व कांग्रेस का अधिकृत पत्र नहीं होने के कारण एक-एक नामांकन

- 4 प्रत्याशियों ने छह नामांकन पत्र दाखिल किए थे

खारिज हो गया। इसके चलते भाजपा से अनीता मित्तल व कांग्रेस से ऋतुका सोनी व सरोज बिस्सा तथा पूनम सांखला निर्दलीय के रूप में अध्यक्ष पद की दौड़ में मैदान में रह गयीं।

सोमवार को पूनम सांखला द्वारा कांग्रेश की ऋतुका सोनी के समर्थन में नाम वापस लेने से अब यह अध्यक्षीय उपचुनाव त्रिकोणीय संघर्ष में तब्दील हो गया है। निर्दलीय तो सरोज बिस्सा के नाम वापस नहीं लेने से भाजपा खेमे में खलबली का माहौल बन गया। गौरतलब है कि पूर्व चुनाव में भी बिस्सा को आश्वासन की झूठी पोटली थमा दी गई थी।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। दो अलग अलग मामलो में पुलिस ने अरोपियों के खिलाफ नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने आरोपी वाव डबायचा निवासी हेमेन्द्र पुत्र लिम्बाराम के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 5नवंबर 2022 को मैं स्कूल जा रही थी।इस दौरान बाइक लेकर आया आरोपी मुझे बहला फुसला कर अपने साथ जंगल की तरफ ले गया। जहां मेरे साथ दुष्कर्म करनेके बाद छोड़ दिया। पुलिस ने प्रकरणउ दर्ज कर जांच शुरू की। इसी तरह अन्य मामले में पीडिता ने राणी गाव निवासी सचिन पुत्र बाबूलाल मीणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 29 अक्टूबर 2022 सवेरे मैं घर से घरेलु काम के लिए पास ही गांव में जा रही थी। इस दौरान बाइक लेकर आया आरोपी मुझे पास ही जंगल में ले गया जहां उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया।

# विधायकों को विभिन्न मांगों का सौंपा ज्ञापन

**अजमेर,** (कास)। अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ द्वारा 01 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने एवं सरकारी विभाग घोषित करने की मांग को लेकर सोमवार को अजमेर शहर के दोनों विधायक एवं जिला प्रमुख को ज्ञापन सौंपा गया।

अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के द्वारा ओल्ड पेंषन स्कीम लागू करने एवं सरकारी विभाग घोषित करने की मांग को लेकर अजमेर शहर विधायक वासुदेव देवनानी व अनिता भदेल व जिला प्रमुख सुषील कंवर पलाड़ा को ज्ञापन सौपा। संयुक्त महामंत्री विनीत कुमार जैन ने बताया कि राजस्थान सरकार के द्वारा सभी सरकारी कर्मचारियों को ओल्ड पेंषन स्कीम का लाभ दे दिया गया है, लेकिन आज दिवस तक विद्युत विभाग में अभी तक 01 जनवरी 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारी जो कि लगभग 60हजार की संख्या में है अभी तक पुरानी पेंशन योजना से वंचित है। अपनी सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर निरन्तर संघर्षरत है। पूर्व में भी अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ एवं राजस्थान परिवहन फैडरेशन रोडवेज के कर्मचारी निरन्तर ज्ञापन दिया है।

ज्ञापन देने वालो मे अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के संयुक्त महामंत्री विनीत जैन, भारतीय मजदूर संघ के संभाग संगठन मंत्री धर्मू पारवानी, अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अवतार शर्मा, गजेन्द्र सिंह, विकास विजय, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चलती कार में लगी आग

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के झाडोल-उदयपुर नेशनल हाइवे 58-ई पर एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कार में धुआं निकलते देख चालक ने कार रोक ली। कार सवार सभी लोगों ने कार से उतर कर दूर भाग कर अपनी जान बचाई । कार 20 मिनट में पूरी जलकर खाक हो गई। कार फोर्ड कंपनी की फिगो थी और 8 साल पुरानी थी। सूचना पर नगर निगम की एक फायर बिग्रेड भी मौके पर पहुंची। प्राप्त जानकारी अनुसार सुल्तान जी का खेरवाडा निवासी कार मालिक कन्हैया लाल कुमावत अपने रिश्तेदार नाथूलाल और हिम्मत के साथ उदयपुर खरीददारी करने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार में धुआं उठता दिखाई दिया। इस कन्हैयालाल ने कार रोक दी और कार से दूर भाग गए। इसके बाद अचानक बोनट से कार में आग लगना शुरू हुई और बढ़ती रही।घटना के कारण नेशनल हाइवे 58ई पर जाम लग गया। दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। आसपास जंगल होने की वजह से मौके पर पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड का इंतजार करना पडा। सूचना पर नगर निगम से एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीए तब तक कार जल कर खाक हो गई। कुमावत पेशे से एलआईसी एजेंट है। उन्होंने कार में बॉक्स् में एक लाख 20 हजार रूपए की नकदी भी रखी थी। वो भी जलकर राख हो गई।

## कार चोर गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने कार चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से कार बरादम की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विक्रमराज पुत्र राजेन्द्र कुमार वसीटा ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 जुलाई को अज्ञात चोर मेरे मकान के बाहर से कार चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने बागपुरा कुवारिया राजसमन्द निवासी किशन पुत्र रोशनलाल को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की गई कार बरामद की।

## सार-समाचार

### मेघा विधिक चेतना शिविर आज

**बांदनवाड,** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर के निर्देश से शनिवार 12 नवम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जारी गाईड लाईन्स की पालना में मंगलवार को पंचायत समिति भिनाय के सभागार में पंचायत समिति भिनाय के अधीन आने वाली ठााम पंचायतों से संबंधित चिन्हित प्रकरणों में काउंसलिंग व डोर स्टेप काउंसलिंग करने हेतु पैनल का गठन कर अधिवक्ता शिव कुमार जोशी व समाजसेवी संजय लोढ़ा को जिम्मेदारी दी है। कार्यक्रम की संयोजक न्यायाधीश कविता राणावत ने बताया कि मंगलवार को प्रातः10 बजे बांदनवाड़ा स्थित गुरुकुल स्कूल व कॉलेज में विधिक चेतना शिविर का आयोजन होगा तथा 10.30 बजे पंचायत समिति भिनाय के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला न्यायाधीश रामपाल जाट के मुख्य आतिथ्य में केकड़ी न्यायालय में विचाराधीन राजीनामा योग्य मामलों में सुलहवार्ता व काउंसलिंग करवाई जायेगी। तथा उपस्थित ठाामीणों को कानून की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भिनाय क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने बैठक का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति तय की। बैठक के दौरान एडवोकेट डॉ. मनोज आहूजा,एडवोकेट शम्मी मोहम्मद, एडवोकेट त्रिलोक जांगिड़, एडवोकेट मनीष छीपा व गजानंद सिंह रावत एडवोकेट व मुंशी सीएल वैष्णव मौजूद रहे।जिन्होंने पंचायत समिति भिनाय के कार्यवाहक विकास अधिकारी बुद्धराज प्रजापति, समाजसेवी संजय लोढ़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व कार्मिकों से वार्ता कर कार्यक्रम की सफलता से संबंधित बिंदुओं पर वार्ता की।

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का उद्घाटन

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा वंचित समुदाय की लड़कियों और महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए सोमवार को अजमेर शहर के कुंदन नगर में 3 महीने की ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसमें 30 प्रशिक्षुओं का चयन किया गया साथ ही प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाएं दी गयी। इस प्रशिक्षण में ब्यूटी पार्लर के साथ साथ जीवन कौशल, उद्यमिता विकास जैसी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षुओं को आत्मनिर्भर बनाने में यह प्रशिक्षण मिल का पत्थर साबित होगा। अजमेर शहर के कुंदन नगर में स्थित ब्यूटी पार्लर केंद्र के उद्घाटन समारोह में अजमेर दक्षिण की विधायक अनिता भदेल व कुंदन नगर की पार्षद डिंपल शर्मा को संस्था द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया साथ ही माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती माता को दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। महिला स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं। संस्था के कार्यकारी मुख्य अधिकारी डॉ एसएन शर्मा ने कहा की भविष्य में भी महिला शक्ति को बढ़ावा देने के लिए अन्य स्थानों पर भी जल्द ही ब्यूटी पार्लर खोले जाएंगे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर मनोरमा पंवार, संस्था प्रतिनिधि महेश, हंसराज, प्रिया, सरोज शामिल थे।

### महामंडल विधान में 1966 अर्ध चढ़ाए

**अजमेर,** (कास)। अजमेर सिद्धचक्र महामंडल विधान के सातवे दिवस मे इंद्र इंद्राणी द्वारा भक्ति भाव से अब तक 1966 अर्ध चढ़ाई गये। श्री पल्लीवाल दिगंबर जैन मंदिर कैसरगंज के तत्वाधान में आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायोग के पावन अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री संबुद्ध सागर जी महाराज और मुनि श्री संविज्ञ सागर महाराज के सानिध्य में पूजा विधान हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जा रहा है। सिद्ध चक्र विधान के सोधर्म इंद्र नाथूलाल जैन ने बताया कि विधान में कुल 2024 अर्ध चढ़ाए जाने हैं जिसमें से 1966 चढ़ाए जा चुके हैं। सौधर्म इन्द्र,चक्रवर्ती, यज्ञ नायक, कुबेर , ईशान, सनत, महेन्द्र आदि अनेक इंद्र द्वारा मंडप पर अर्ध समर्पित किए गए। पंडित धन्य कुमार के सानिध्य में विधान किया जा रहा है। इस विधान में जैसवाल, पल्लीवाल सभी जैन बंधु तन मन से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। सोमवार को हुए विधान में प्रमोद सोनी, प्रकाश पाटनी, कमल गंगवाल, ललित पांडिया, राकेश मामा, सुनील ढीलवारी, धर्मेश जैन, सुशील, सुनील, प्रदीप पाटनी विनीत जैन ने भाग लिया। संध्या को महाआरती ढिलवारी परिवार की ओर से लाई गई। दिनेश दंगसिया और कैलेंद्र पुनवियां संगीत मय भक्ति से श्रीजी की आरती कराई।

# जैन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन

**मदनगंज-किशनगढ,** (निसं)। जैन आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 22 से 27 जनवरी तक आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्रों का चयन बोली द्वारा किया गया। शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर इंदिरा नगर में भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा भेंट करने वाले कुसुमलता, अजीत, रवि, राजकुमार बाकलीवाल परिवार बीर वाले बैंड बाजों के साथ जुलूस के रूप में मंदिर पहुंचे। प्रवक्ता गौरव पाटनी ने बताया की शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर इंद्रा नगर में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन किया गया।

मुनिव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, मंत्री सुभाष बडजात्या, इंदिरा नगर से विमल पाटनी, दिलीप गंगवाल, सुरेंद्र दगडा, समाजसेवी संजय पापडीवाल व अजीत बाकलीवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राकेश पाटोदी ने मंगलाचरण व माही छाबडा ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। अनीता बाकलीवाल व संतोष बाकलीवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिष्ठाचार्य संहिता सूरि पं. हंसमुख जैन (धरियावद) ने विभिन्न पात्रों को लेकर जानकारी दी।


22 से 27 जनवरी तक आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मुख्य पात्रों का चयन बोली द्वारा किया गया।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सर्वोच्च पद सौधर्म इन्द्र माणकचंद पदमचंद नरेंद्र सुनील कुमार गंगवाल कडेल वाले बने। वही भरत चक्रवती इन्द्र घीसालाल पदमचंद अजमेरा सिरोंज वाले, कुबेर इन्द्र बाबूलाल विमल कुमार मनीष कुमार राजकुमार वेद ऊंटडा वाले, महायज्ञनायक इन्द्र कुसुमलता अजीतकुमार रविकुमार राजकुमार बाकलीवाल वीर वाले, यज्ञनायक इन्द्र भागचंद अविनाश कुमार गंगवाल चकवाडा वाले, ईशान इन्द्र कमल कुमार अभिषेक वेद ऊटडा वाले, सानतकुमार इन्द्र सुरेंद्र कुमार महेंद्र राहुल दगडा, माहेन्द्र इन्द्र ओमप्रकाश मोहित गदिया दादिया वाले, ब्रह्म इन्द्र मोतीलाल नरेश कुमार गंगवाल लांबा वाले, ब्रह्मोत्तर इन्द्र अनूप कुमार अमित वेद ऊटडा वाले, लान्तव इन्द्र पवन बडजात्या सेवा वाले, कापिष्ट इन्द्र सूरजमल प्रकाश चंद अशोक पापल्या छोटा लंबा वाले, शुक्र इंद्र सुभाष चंद अंकित अक्षय गदिया तिहारी वाले, महाशुक्र इंद्र कैलाश बडजात्या सावरदा वाले, शत्तार इंद्र विनोद कुमार अंकुश दिव्यांश गदिया वीर वाले, सहस्त्रार इंद्र सुभाष ललित गदिया वीर वाले, आनंत इंद्र मनोज अंशुल प्रतीक कुमार बैद ऊटडा वाले, प्राणत इंद्र गिरिराज ओमप्रकाश ठोलिया छोटा लांबा वाले को आरण इंद्र, अच्युत इंद्र बनने का सौभाग्य मिला। सभी इंद्रो का समाज द्वारा अभिनंदन किया गया।कुसुम लता, अजीत, रवि, राजकुमार बाकलीवाल वीर वाले द्वारा वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। अध्यक्ष विनोद पाटनी ने आभार व्यक्त किया।

## चार दिवसीय सेमिनार आज से

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर स्मार्ट सिटी एवं नगर निगम अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय सेमिनार का आयोजन मंगलवार से जवाहर रंग मंच पर किया जाएगा। ठोस एवं तरल संसाधन प्रबंधन पर आयोजित सेमिनार में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। सेमीनार के प्रमुख वक्ता श्री सी श्रीनिवासन (संसाधन व्यक्ति- एसएलआरएम परियोजनाएं, शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार) होंगे। इस सेमीनार में मंगलवार को एवं रेस्टोरेंट व्यवसाई, मैरिज गार्डन व्यवसाई, समस्त मार्केट एसोसिएशन, प्रमुख इंडस्ट्रियल फर्म, होटल व्यवसाई, गैर सरकारी संगठन, अजमेर इंजीनियर इंस्टीट्यूट एवं नगर निगम कर्मचारी एवं ठेकेदारों को आमंत्रित किया गया है। नगर निगम अजमेर द्वारा प्रत्येक सर्किल में एकत्रित कचरे का निस्तारण उसी स्थान से किस प्रकार किया जा सकता है इस विषय पर विशेषज्ञ श्री सी श्रीनिवासन द्वारा प्रत्येक वर्ग के लोगों को जागरूक करने हेतु बुलाया गया है।

# डीजीपी उमेश मिश्रा ने दरगाह जियारत व पुष्कर में की पूजा अर्चना

**अजमेर,** (कासं)। हाल ही में नियुक्त किए गए पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा सोमवार को पहली फिल्ड विजिट पर अजमेर पहुंचे। सबसे पहले दरगाह पहुंचे और दरगाह जियारत की। इसके बाद पुलिस अफसरों की बैठक लेकर चर्चा की साथ ही अपराध पर अंकुश लगाने, कम करने की बात कही। साथ ही जनता से जुड़ाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद पुष्कर भी गए।

डीजीपी ने कहा कि अपराध किस तरह रोका जाए, कैसे कम किया जाए, जांच बढ़ाई जाए। इस पर फोकस रहेगा साथ ही संगठित अपराध व आर्थिक अपराध भी बढे है। साइबर अपराध का चयन तेजी से बढ़ रहा है। ये चुनौती है। पेशेवर दक्षता कैसे बढ़ाई जाए, चुनौतियों का कैसे सामना करे। इस पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा साथ ही जनता से अधिक जुड़ाव की आवश्यकता है।


पुलिस लाइन सभागार में डीजीपी उमेश मिश्रा ने पुलिस अफसरों की बैठक लेकर जरूरी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि मुखबिर तंत्र हो या फिर सुरक्षा तंत्र, सभी को मजबूत किया जाएगा और पुराने जमाने में जिस तरह से परम्परागत पुलिसिंग की जाती थी ,उसी तरह पुलिसिंग पर फोकस रहेगा। नवाचार केवल नवाचार नहीं होना चाहिए उसे किस तरह से इस्तेमाल करते हुए सुरक्षा की जा सकती है इसका प्रयास होगा वही तकनीक को महत्ता दी जाएगी।

- पुलिस लाइन पहुंचे डीजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया

इससे पहले अजमेर ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में हाजिरी दी। मखमली चादर पेश करते हुए अकीदत के फूल मजार शरीफ पर चढ़ाए। प्रदेश में सुख शांति और अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही दरगाह की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद पुलिस लाइन पहुंचे डीजीपी को जिला पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यहां पुलिस लाइन सभागार में बैठक ली। फिर पुष्कर पहुंचकर व्यवसथाओं का जायजा लिया।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामजीलाल पुत्र श्री मोहनलाल के कब्जे व स्वामित्वाधिकार की एक आवासीय सम्पति प्लाट नं. 05-B, क्षेत्रफल 50 वर्ग गज जो खसरा नं. 1409 व 1410 का भाग है जो ग्राम किशनीपुरा तहसील व जिला अजमेर में आस्थित है। उक्त सम्पति पर श्री रामजीलाल ने ऋण हेतु मेरी अभिभाष्य ऋण दात्री संस्था फुलर्टन इण्डिया होम फाइनेंस कम्पनी मिमिटेड अजमेर में आवेदन किया है तथा ऋण प्राप्त कर रहे हैं। उक्त ऋण व स्वामित्व बाबत यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक/वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति व उज्र हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेजी साक्ष्य के 07 दिवस के भीतर दर्ज करावे। अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी। पुलकित गर्ग, एडवोकेट
वास्ते पुलकित गर्ग एण्ड एसोसियेटस 07-A, ज्योति विला, अजमेर मो. 9460111223

## कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चन्द्वरदाई नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या ए-752 क्षेत्रफल 136.11 वर्ग गज के अन्तरिति श्री विजय कुमार सक्सेना पुत्र श्री प्रेमनारायण सक्सेना, निवासी ए-752, चन्दवरदाई नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 13/11/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. सुश्री श्वेता सक्सेना आयु पुत्री स्व. श्री विजय कुमार जी सक्सेना जाति सक्सेना निवासी ए-752 चन्दवरदाई नगर, अजमेर 2. श्रीमती प्रियंका सक्सेना पत्नि श्री पुनित सक्सेना पुत्री स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना निवासी व्यास कॉलोनी, बीकानेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती शोभा सक्सेना आयु लगभग वर्ष पत्नि स्व. श्री विजय कुमार सक्सेना जाति सक्सेना निवासी ए-752, चन्दवरदाई नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 02/02/2022 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# राजस्थान की मूंगफली की पाकिस्तान और चीन में डिमांड

## बीकानेर में इस बार एक करोड़ बोरी से ज्यादा का प्रोडक्शन हुआ

**बीकानेर,** (कासं)। यहां की मूंगफली एक बार फिर चीन और पाकिस्तान सहित दुनिया के दर्जनभर देशों तक पहुंचने वाली है। दरअसल, इस बार मानसून की शानदार बारिश के चलते रिकार्ड उत्पादन हुआ है। अकेले बीकानेर शहर की अनाज मंडी से एक करोड़ बोरी का व्यापार होने वाला है, जबकि जिले की अन्य मंडियों से भी कमोबेश इतनी ही मूंगफली किसान से बाजार तक पहुंचने वाली है।

गुजरात के बाद देशभर में सबसे ज्यादा मूंगफली उत्पादन करने वाले राजस्थान में बीकानेर अव्वल है। इस बार बीकानेर के नोखा, लूणकरनसर, खाजूवाला, श्रीडूंगरगढ़ और बज्जू सहित अधिकांश एरिया में किसानों ने मूंगफली की जमकर बुवाई की है। पिछले करीब एक महीने से मूंगफली मंडी में पहुंच रही है लेकिन दीपावली के बाद इसका सीजन परवान चढ़ गया है।

बीकानेर अनाज मंडी में हर रोज एक लाख बोरी मूंगफली पहुंच रही है। इन बोरियों की हाथों-हाथ बोली भी लग रही है। मंडी व्यापारियों का प्रयास है कि हर रोज एक से डेढ़ लाख बोरी तक का व्यापार हो जाए ताकि किसानों को सामान लाने के लिए जगह मिलती रहे। इस बार मूंगफली का दाना काफी बड़ा है।

बीकानेर की मूंगफली चीन और पाकिस्तान में डिमांड बढ़ी है। केंद्र सरकार अगर रोक नहीं लगाती है तो पाकिस्तान में भारतीय मूंगफली की जमकर बिक्री होने वाली है। बीकानेर अनाज मंडी के अध्यक्ष मोतीचंद सेठिया का कहना है कि पाकिस्तान मूंगफली निर्यात के लिए भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

उधर, चीन में भी बीकानेरी मूंगफली की डिमांड बढ़ी है। चीन में मूंगफली के तेल का

- **बीकानेर अनाज मंडी में हर रोज एक लाख बोरी मूंगफली पहुंच रही है**
- **अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम, बांग्लादेश और यूक्रेन में बीकानेरी मूंगफली पहुंचती है**

उपयोग भी पिछले सालों में बढ़ा है। ऐसे में इस देश में निर्यात लगातार बढ़ता जा रहा है। बीकानेरी मूंगफली की डिमांड चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, वियतनाम, बांग्लादेश और यूक्रेन में बीकानेरी मूंगफली पहुंचती है। इस बार भी इन देशों के व्यापारी मूंगफली की डिमांड कर रहे हैं। भारत में बीकानेरी मूंगफली नई दिल्ली, हरियाणा, बिहार, पंजाब के अलावा सर्वाधिक मूंगफली उत्पादन करने वाले गुजरात में भी बीकानेरी मूंगफली का बोलबाला है।

किसानों की मानें तो इस बार नहरी क्षेत्र में आठ क्विंटल का उत्पादन प्रति बीघा हुआ है। वहीं कुए और बारानी क्षेत्र में आठ से दस क्विंटल तक मूंगफली का उत्पादन इस बार हुआ है। हर साल की तुलना में इस बार ज्यादा मूंगफली बाजार तक पहुंची है।

बीकानेर अनाज मंडी में अच्छी क्वालिटी की मूंगफली का भाव इस समय 6500 रुपए तक मिल रहा है। वहीं अन्य मूंगफली का भाव 5600 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है।

# दो सगे भाईयों समेत चार दोस्तों की मौत

## बर्थ-डे सेलिब्रेट कर लौटते समय कार डिवाइडर से टकराई

**अनूपगढ़,** (कासं)। बर्थ-डे सेलिब्रेट कर लौट रहे युवकों की कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दो सगे भाईयों समेत चार दोस्तों की मौत हो गई।

एक्सीडेंट इतना जबरदस्त था कि कार को काटकर फंसे हुए युवकों को बाहर निकाला गया। हादसा श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में बीती देर रात डेढ़ बजे हुआ। हादसे का वीडियो भी सामने आया है। अनूपगढ़ डिप्टी जयदेव सियाग ने बताया कि हादसा अनूपगढ़ -रायसिंहनगर सड़क मार्ग पर गांव 87 जीबी के पास हुआ। हादसे में अनूपगढ़

- **गाड़ी काटकर निकालने पड़े शव**

के वार्ड 28 निवासी जितेंद्र (25) और अंकुश (23), साहिल जुनेजा (22), वार्ड 25 निवासी रोहित (23) की मौत हो गई। मरने वालों में जितेन्द्र और अंकुश सगे भाई हैं। गंभीर रूप से घायल वसीम अकरम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सियाग ने कहा कि रविवार को जितेन्द्र का बर्थ-डे था। ये लोग अनूपगढ़ -रायसिंहनगर मार्ग पर स्थित ग्रीन स्टार होटल में बर्थ-डे मनाने गए थे। देर रात सभी कार से लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार तीन युवकों की मौत हो चुकी थी। वहीं अन्य युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। सुबह लोग पहुंचे तो उन्हें गाड़ी सड़क किनारे दिखाई दी। कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जितेन्द्र के मामा नरेश कुमार ने अनूपगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

# 'नहर परियोजना पर बंद हो खोखली राजनीति'

**हिण्डौन सिटी/टोडाभीम,** (निसं)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना ने कहा है कि ईआरसीपी 13 जिलों के किसानों के जीवन से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण परियोजना है। इस पर किसी भी प्रकार की राजनीति करने के बजाय राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए ईमानदारी से सकारात्मक कार्य करना चाहिए।

- **'जो देगा चंबल का पानी, उसी दल को देंगे वोट'**

प्रदेशाध्यक्ष मीना सोमवार को टोडाभीम के गांव कमालपुरा के पास आयोजित एक किसान सभा को संबोधित कर रहे थे। भामाशाह मीना ने हजारों की संख्या में उपस्थित किसानों के बीच कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से 13 जिलों की धरा पर लाने के लिए पिछले 5 साल में ईमानदारी से कोई कार्य नहीं हुआ है। किसानों के जीवन से जुडी इस महत्वपूर्ण परियोजना के साथ खोखली राजनीति की जा रही है। किसी भी दल के राजनीतिक लोग हों, उन्हें यह खेल बंद करना चाहिए। मीना ने कहा कि उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में



किसान सभा में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीणा का लोगों ने हाथ उठाकर समर्थन किया।

शामिल 83 विधायकों व करीब 10 सांसदों को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए सकारात्मक ढंग से दबाव बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना घोषित होने से ही 13 जिलों की सिंचाई और पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि 13 जिलों के किसान खोखली राजनीति के खेल को समझ चुके हैं। अब वे किसी भी नेता के झूठे और लच्छेदार भाषणों के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। क्षेत्र के किसान ऐलान कर चुके हैं कि चंबल का पानी नहीं, तो वोट भी नहीं। इसे सरकार को गंभीरता से लेना होगा। किसान यह भी एलान कर चुके हैं कि जो देगा चंबल का पानी, उसी दल को देंगे वोट। प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास मीना के इस आव्हान का किसानों ने हाथ उठाकर समर्थन किया तथा पानी पर सियासत नहीं चलने देंगे, ईआरसीपी पर राजनीति नहीं होने देंगे के नारे लगाए।

किसान सभा को पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति के संयोजक अमर सिंह नीमरोट और प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर ने संबोधित करते हुए कहा कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से 13 जिलों की धरा पर आएगा तो पूरा क्षेत्र सरसब्ज हो जाएगा।

# गोली लगने से विवाहिता की मौत

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र की रिण्डलिया ग्राम पंचायत के पीमुण गांव निवासी एक विवाहिता की गोली लगने से हुई मौत के बाद पुलिस ने मौके से अवैध एक नाली बन्दूक जब्त कर शव को मालपुरा के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मौके पर मौजूद परिवारजनों में रामजीलाल की पहली पत्नी कैलाशी मोग्या ने दी रिर्पोट में बताया कि मृतक ललीता जो कि रामजीलाल के दूसरी पत्नी के रूप में नाता प्रथा से लाई गई थी।

- **अवैध नालीदार बन्दूक जब्त कर शव को मोर्चरी में रखवाया**

दोनों के बीच सोमवार की सवेरे हुए झगड़े के बाद रामजीलाल केकडी चला गया तथा परिवार के अन्य पुरूष व महिलाएं खेत व जंगल में चले गये। दोपहर में अचानक बन्दूक के धमाके की आवाज सुन वो डेरे के पास पहुंची तो ललीता के सीने में गोली लगी हुई थी शव जमीन पर पड़ा था तथा पास में बन्दूक पड़ी थी। जिससे प्रथम दृश्टया ललीता ने बन्दूक की गोली लगा स्वयं को मौत के घाट उतारना प्रतित होता है।

# पुष्कर सरोवर में संतों-महंतों ने शाही महास्नान किया




पुष्कर में शाही स्नान करते प्रेमदास व अचला नंद जी महाराज।

**पुष्कर,** (निसं)। कार्तिक मास में सृष्टि कर्ता श्रीब्रह्माजी के पवित्र पावन मोक्षदायी श्री ब्रह्म सरोवर में ब्रह्म चतुर्दशी के पवित्र पावन अवसर पर पुष्कर तीर्थ के प्रमुख आश्रम मठों के संतों महंत ने राम रमय्या आश्रम के महंत प्रेमदास जी महराज के सानिध्य में राम धूनी के साथ सैकड़ों साधु संतों ने पवित्र सरोवर के सप्त ऋषि घाट पर आस्था की डुबकी लगाकर शाही स्नान कर पुष्कर राज महाराज की पूजा अर्चना आरती कर देश और विश्व की खुशहाली

- **अलग-अलग समय किया स्नान सन्तो**

की मंगल कामना की। शाही स्नान में सैनाचार्य स्वामी अचलानन्दाचार्य की अगुवाई में सैकड़ों संत महात्माओं, अनुयायी, भक्तों, धर्मावलम्बियों ने पवित्र पुष्कर सरोवर में डुबकी लगाई। सैनाचार्य ने सरोवर के किनारे भक्तों एवं पत्रकारों को सम्बोधित किया। रामधनी तिराये पर पूर्व पालिकाध्याक्ष मंजु कुर्डिया, पार्षद ताराचंद गहलोत, दामोदर मुखिया, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश कुर्डियां, दामोदर मुखिया आदि ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। सैन भक्ति पीठ के प्रवक्ता हरिप्रसाद पाराशर ने बताया कि संतों ने स्नान के पश्चात पवित्र पुष्कर सरोवर की परिक्रमा लगाते ब्रह्म घाट, गऊ घाट, सदर बाज़ार, वराह घाट, नया मंदिर, अष्ट-भू वैकुंठ आश्रम होते पुनः भक्ति पीठ शोभायात्रा पहुंची।

# जोधपुर से अजमेर ट्रांसफर होगा तलाक का केस

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने तलाक से जुडे एक मामले को जोधपुर से अजमेर ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। अजमेर निवासी एक महिला ने याचिका दायर कर हाईकोर्ट में अपील की थी कि उसके पति की तरफ से जोधपुर में दायर तलाक के मामले को अजमेर फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर किया जाए।

अजमेर निवासी ममता की शादी 28 नवम्बर 2019 को जोधपुर निवासी रोहित कुमार के साथ अजमेर में हुई। उसका आरोप है कि शादी के बाद उसके पति रोहित कुमार ने जोधपुर के फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्जी दाखिल की। ममता की तरफ से कोर्ट में उसके वकील गोपाल सांदू ने कहा

- **महिला ने परिवार में पुरुष सदस्य नहीं होने व 206 किमी सफर तय करने का दिया हवाला**

कि वह अपने परिवार में अकेली है। कोई पुरुष सदस्य नहीं होने के कारण उसके लिए फैमिली कोर्ट की पेशी पर 206 किलोमीटर का सफर तय कर आने में दिक्कत होती है। ऐसे में उसका केस अजमेर के फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया जाए।

न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास की कोर्ट में रोहित के वकील की तरफ से तर्क दिया गया कि अजमेर राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच के तहत आता है। ऐसे में जोधपुर में हाईकोर्ट इस बारे में फैसला नहीं दे सकता। इस बारे में ममता के वकील सांदू का कहना था कि जोधपुर में हाईकोर्ट की मुख्य पीठ है और जयपुर में सिर्फ बेंच। ऐसे में मुख्य पीठ पूरे राजस्थान से जुडे मामलों पर फैसला दे सकती है। उनका तर्क था कि सुप्रीम कोर्ट इस बारे में स्पष्ट कर चुका है कि तलाक से जुड़े मामलों को जहां पत्नी निवास करती है वहां ट्रांसफर किया जा सकता है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास ने ममता व रोहित के तलाक से जुडे मामले को अजमेर फैमिली कोर्ट में ट्रांसफर करने का फैंसला दिया।

# दो दिन बंद रहेंगे बाबा श्याम के पट

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में चंद्र ग्रहण के कारण मंगलवार को बाबा श्याम के पट बंद रहेंगे। ग्रहण शुद्ध होने के बाद बाबा श्याम की आरती की जाएगी लेकिन बाबा श्याम के पट श्रद्धालुओं के नहीं खुलेंगे।

इसके साथ ही बुधवार को बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार का कार्यक्रम होगा जिसके कारण विशेष पूजा के चलते पूरे दिन बाबा श्याम के मंदिर के पट बंद रहेंगे शाम 5 बजे बाद तिलक होने के बाद ही बाबा श्याम के पट खुलेंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं को परेशानी ना हो इसको लेकर एक नवंबर को ही आम सूचना जारी कर दी थी। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि 8 नवंबर को पूरे दिन व 9 नवंबर को शाम 5 बजे बाद ही खाटू धाम पहुंचे जिसे असुविधा में न हो।

# बाजार भाव अधिक रहने से सरकारी मंडी में मूंगफली बेचने नहीं गए किसान

## मूंगफली का खरीद मूल्य 5850 रुपए प्रति क्विंटल रहने से एक भी किसान ने नहीं कराया रजिस्ट्रेशन

**चाकसू,** (निसं)। सरकार ने किसानों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ फसलों की लगभग सभी जिंसों के समर्थन मूल्य पर खरीद के भाव बढ़ा दिए हैं। चाकसू में संचालित क्रय विक्रय सहकारी समिति ने 18 नवंबर से मूंगफली की समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं। क्रय विक्रय सहकारी समिति चाकसू के मुख्य प्रबंधक महेंद्र सिंह रिणवा एवं लेखापाल जगदीश शर्मा ने बताया कि 27 अक्टूबर से जिंस बेचने वाले किसानों के रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो चुके हैं, लेकिन एक किसान ने भी मूंगफली बेचने के लिए अपना पंजीकरण नहीं करवाया।

रिणवा ने बताया कि सरकार ने समर्थन मूल्य में 575 रुपए मुल्य की बढ़ोतरी करते हुए इस बार मूंगफली का खरीद मूल्य 5850 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया लेकिन वर्तमान में चाकसू मंडी में अच्छी क्वालिटी की मूंगफली 6200 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बिक चुकी है। 5600 से 6000 तक के बाजार भाव चल रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार चाकसू कृषि मंडी में 8 से 10 हजार बोरी मूंगफली की रोजाना आवक हो रही हैं।

इस स्थिति में सरकारी खरीद मूल्य पर मूंगफली की बिक्री संभव नहीं है। यही कारण है कि किसानों ने अभी तक पंजीयन नहीं कराया, एक भी टोकन जारी नहीं हुआ। किसानों को अभी भी भावों में बढ़ोतरी की संभावना लग रही है इसके चलते समृद्ध किसानों ने अपना माल नहीं निकाला है।

# पैंथर ने 15 बकरियों का शिकार किया

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के टीडी थानाक्षेत्र में स्थित केलुपोश मकान में घुस कर पेंथर ने चार बकरे व ग्यारह बकरियों की हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात में सराड़ा वन क्षेत्र टीडी वान्द्रा फला गांव निवासी सुरेश पुत्र लालजी मीणा के केलुपोश मकान की छत पर चढ कर केलु हटा कर पैंथर अंदर घुसा तथा बकरियों का शिकार किया। दूसरे दिन सोमवार सवेरे ग्रामीणों की सूचना पर सरड़ा वन क्षेत्र रेंजर सुरेन्द्रसिंह के निर्देश पर वन विभाग के फोरेस्टर व टीम ने मौके पर पहुंच कर मृतक बकरे व बकरियों का पोस्टमार्टम किया। पीडित को मुआवजा दिलाने की कार्यवाही शुरू की। वन विभाग की टीम पेंथर को पकडने के लिए मंगलवार को मौके पर पिंजरा लगाएगी।

# पिछोला की पाल टूटी तो आधे उदयपुर को होगा बड़ा नुकसानः भींडर

## पूर्व विधायक ने राज्यपाल को लिखा पत्र, मोरबी जैसी घटना होने की जताई आशंका

**कानोड़,** (निसं)। पूर्व विधायक व जनता सेना के सुप्रीमो रणधीर सिंह भींडर ने राज्यपाल को पत्र लिखकर उदयपुर पिछोला झील की पाल को खतरा बताते हुए मोरबी जैसी घटना होने की आशंका जताई है। पूर्व विधायक ने जल्द ही पिछोला की पाल को सुरक्षित करने की मांग की है। पूर्व विधायक ने लिखे पत्र में बताया कि मोरबी गुजरात में पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होकर टूट जाने के कारण कई लोगों की जान चली गई। प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के कारण ऐसा हादसा उदयपुर शहर में भी हो सकता है।

उदयपुर पिछोला झील का निर्माण कहीं दशकों पूर्व हुआ था और उसकी पाल को सुरक्षित रखने के लिए पाल के नीचे समोर बाग में संकेतक के रूप में एक पुतली लगाई गई थी जिसमें से पानी की धारा निकलती है। उस पुतली के मटके में से धारा निकलकर कुंड में गिरती है



रणधीर सिंह भीण्डर

परंतु अब न केवल मटके बल्कि पुतली के आस-पास से कई जगह से पानी की धारा निकलने लगी है।

जानकारी से पता चला है कि भराव क्षमता निर्माणकर्ताओं द्वारा साढे आठ फीट की गई थी परंतु पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण 11 फीट तक भराव किया जा रहा है जिससे अनावश्यक दबाव पाल पर

- **भराव क्षमता साढे आठ फीट होने के बाद भी पिछले कुछ वर्षों से प्रशासन 11 फीट तक भराव कर रहा है**

पड़ने लगा है। पिछोला से पाइप द्वारा गुलाब बाग के फव्वारे इत्यादि चलाए जाते थे जो बंद कर दिए गए हैं, पैलेस के पास से पानी की निकासी हेतु एक नहर थी उसको भी कतिपय लोगों ने बंद कर दिया है।

बड़ी पाल के ऊपर कभी कोई दबाव नहीं डाला गया था परंतु अब वहां कई वाहन खडे रहते हैं, आजकल पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ गई है और कई बार पार्टियां होने से लोगों का आवागमन भी बढ़ा है। नाई से आने वाली नदी का प्रेशर दूध तलाई से सीधी आने से पाल पर दबाव नहीं पड़ता था परंतु दूध तलाई को पिछोला से काट दिया गया है, अब नदी का बहाव सीधा पाल से टकराता है जिससे पिछोला की पाल को खतरा बना हुआ है। पत्र में लिखा कि अगर पिछोला की पाल को थोड़ा सा भी नुकसान होता है तो आधा उदयपुर इसकी चपेट में आ जाएगा जो कि मोरबी गुजरात से भी बड़ा हादसा हो सकता है।

पूर्व विधायक ने लिखा कि इस संबंध में पूर्व में भी कई बार राज्य सरकार को ज्ञापन द्वारा सिंचाई विभाग, नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अवगत करा चुके हैं परंतु केवल आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। ऐसे में राज्यपाल से मांग की है कि उदयपुर को समय रहते इस हादसे से बचा ले वरना ऐतिहासिक पिछोला झील का नामोनिशान न मिलने के साथ ही काफी बर्बादी होगी।

# प्रारंभिक स्कूलों में फिर मिलेंगी किताबें

**नोखा,** (निसं)। अब स्कूलों में पुरानी व्यवस्था लागू होने जा रही है। किताब के लिए अब पैसे नहीं मिलेंगे बल्कि उसके बदले में स्कूलों में किताब दी जाऐंगी। वर्ष 2023 -24 में बच्चों को स्कूलों में किताब का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। इसके लिए अभी से ही शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी स्कूलों से रिपोर्ट मांगी जा रही है। ताकि समय से बच्चों को पठन-पाठन के लिए किताब उपलब्ध कराई जा सके। कक्षा

- **सत्र 2023-24 में बच्चों को किताबों का निःशुल्क वितरण किया जाएगा**

1 से लेकर 8 तक के बच्चों को सरकार द्वारा निःशुल्क किताब का वितरण किया जाएगा। इस बार बच्चों को किताब सही समय पर दी जाऐंगी। पिछले कई बार से शिक्षा विभाग के लेटलतीफी के कारण बच्चों को सही समय पर किताब नहीं मिल पाती थी।

इस बार के सेशन सत्र में बच्चों को किताब दी जाएंगी। अब स्कूलों में छात्रों छात्राओं के बीच पुस्तक का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी को अपने -अपने विद्यालय के छात्र -छात्राओं की संख्या विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# सेवा पुस्तिका के लिए छह माह से लगा रहे चक्कर

**कानोड़,** (निसं)। चित्तौड़गढ़ मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक को रिश्वत लेने के मामले में एसीबी से ट्रेप करवाना एक सेवानिवृत्त अल्प वेतनभोगी कार्मिक के लिए इतना मंहगा पड़ा कि वह बीते 6 महीने से अपनी सेवा पुस्तिका के लिए विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाने को विवश है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे को पत्र भेजकर केवल औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा प्रार्थी को सेवा पुस्तिका उपलब्ध करवाने के लिए आदेश पर आदेश निकाले जा रहे हैं लेकिन उनकी पालना करता कोई नहीं दिख रहा है।

यह पूरा मामला डूंगला तहसील के गांव बड़वाई रहने वाले चिकित्सा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी रामलाल श्रीमाली का जिन्होंने हाईकोर्ट द्वारा एमपीडब्ल्यू वेतन विसंगतियों को लेकर पक्ष में फैसला आने के बाद अपने दो अन्य साथियों के साथ फिक्सेशन के लिए अपनी सेवा पुस्तिका बडी सादड़ी ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत बाबू प्रताप सिंह के कहे अनुसार सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ लेखाधिकारी मूलचंद वर्मा को दी व फिक्सेशन करने को कहा लेखाधिकारी वर्मा ने फिक्सेशन के पेटे 20 हजार की

- **आदेशों की हो रही अवहेलना**
- **रिश्वतखोर को एसीबी में पकड़वाना कार्मिक को पड़ा महंगा**

मांग की तो प्रार्थी ने बाद प्रार्थी ने परेशान होकर एसीबी में शिकायत कर उक्त कर्मचारी मूलचंद वर्मा को 15 हजार की रिश्वत लेते हुए एसीबी से पकड़वा दिया। इस दौरान रामलाल श्रीमाली सहित दो अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका मूलचंद वर्मा व उसी विभाग में कार्यरत रमेश चंद भील के पास रह गई जो अब सेवा पुस्तिका उनके पास नहीं होने की बात कह रहे हैं। जबकि एसीबी की कार्रवाई के दौरान भी उक्त रिकॉर्डिंग में लेखा अधिकारी मूलचंद ने कहा था कि सेवा पुस्तिका रमेशचंद्र भील के पास है, वह तुम्हें दे देगा। प्रार्थी का कहना है कि इस बात को एसीबी ने अपनी कार्रवाई में शामिल नहीं किया जिससे इतना सब कुछ होते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।

सेवा पुस्तिका दिलाने की मांग को लेकर प्रार्थी रामलाल श्रीमाली ने निर्देशक राजपत्रित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चित्तौड़गढ़, जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ सहित संबंधित विभाग अधिकारियों से गुहार लगाई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने पत्राचार के माध्यम से उक्त सेवा पुस्तिका प्रार्थी को दिलवाने के आदेश दिए लेकिन उन आदेशों की कोई पालना संबंधित विभाग व कार्मिकों द्वारा नहीं की जा रही है, जिस कारण सेवानिवृत्त कर्मचारी रामलाल श्रीमाली के साथ ही दो अन्य सहकर्मी प्रेम शंकर पुत्र पन्नालाल भरावा, सोहनलाल पुत्र लालू चौधरी भी अपनी सेवा पुस्तिका के लिए विभाग कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। एसीबी की कार्रवाई बताकर पुलिस भी मामला दर्ज करने से मुंह मोड़ रही है। परेशान पेंशनर रामलाल श्रीमाली ने एक प्रेस विज्ञिप्त जारी कर कहा है कि अगर जल्द ही विभाग उनकी सेवा पुस्तिका नहीं दिलाता है, तो वह जिला कलेक्टर कार्यालय के साथ ही एसीबी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेंगे।

# ‘सारा पावर सेंट्रलाइज, डीजी बनाने वाले कांस्टेबल के तबादले भी कर रहे हैं, मंत्री पावरलैस’

## एसीआर भरने के मामले में अब कूदे मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा, बी.डी. कल्ला और भंवर सिंह भाटी ने भी दी अपनी राय

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में आईएएस अधिकारियों की एसीआर भरने की मांग उठाकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बहस शुरू की थी। इसी बहस के बीच उनकी और साथी मंत्री महेश जोशी के बीच गर्मागर्म बयानबाजी हुई थी और विवाद भी सामने आया था। इसी मामले में तीन और मंत्रियों ने अपनी राय जाहिर करते हुए मामले को और गरमा दिया है। मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने तो सीधे-सीधे कह दिया है कि राजस्थान में सारा पावर सेंट्रलाइज है और डीजी बनाने वाले ही कांस्टेबल तक के तबादले भी कर रहे हैं।

मंत्री गुढ़ा ने कहा कि आईएएस अफसर की एसीआर भरने के मामले में जो प्रश्न आया है, वो प्रताप सिंह खाचरियावास की तरफ से आया है और उसके बाद से राजस्थान में इसको लेकर चर्चा हो रही है। गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान में मेरी जानकारी के अनुसार पावर पूरी तरीके से सेंट्रलाइज है। जो डीजीपी की नियुक्ति करते हैं, वही कांस्टेबल का ट्रांसफर करते हैं। कांस्टेबल के ट्रांसफर के लिए भी मुख्यमंत्री निवास पर जाना पड़ता है, फिर किसकी एसीआर भरने की बात कर रहे हैं। ऐसा कहकर गुढ़ा ने सीधे-सीधे बोल दिया है कि मुख्यमंत्री ही सब कुछ करते हैं, मंत्री पावरलैस हैं।

गुढ़ा ने कहा कि मंत्री की पावर की क्या बात करते हैं, जब कांस्टेबल के ट्रांसफर में मुख्यमंत्री गहलोत की परमिशन से हो या वही स्वयं करते हैं।

- **कल्ला ने कहा, ‘‘हमारे विभाग के जितने भी मातहत हैं, उनकी एसीआर हमें खुद ही भरना चाहिए’’**
- **भाटी ने कहा, ‘‘हम सब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे, चुनौती देना ठीक नहीं है’’**

गुढ़ा ने कहा कि पावर का विकेंद्रीकरण होना चाहिए, लेकिन इस सरकार में कोई पावर का विकेंद्रीकरण नहीं हो रहा है। सब कुछ एक ही जगह पर है।

अब इसी मामले में वरिष्ठ मंत्री बीडी कल्ला ने खाचरियावास की मांग को खारिज करते हुए महेश जोशी का समर्थन किया है। कल्ला ने कहा कि हमारे विभाग के जितने भी मातहत हैं, उनकी एसीआर हमें खुद ही भरना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भी मंत्रियों को अधिकार दे रखे हैं।


इसी मामले में बोलते हुए राज्य के ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि बहुत से निर्णय मुख्यमंत्री के स्तर पर होते हैं। मुख्यमंत्री के स्तर पर होने वाले काम को लेकर किसी भी तरह से सार्वजनिक चर्चा करना उचित नहीं है और ना ही मुख्यमंत्री के स्तर पर हुए निर्णय को चुनौती देना उचित है। भाटी ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे मुखिया हैं और वह हमारी सब बात सुनते हैं। भाटी ने कहा कि चाहे मंत्री हों या अधिकारी, वह सबकी बात सुनते हैं और अधिकतर मामलों में निष्पक्ष फैसला करते हैं। हम सब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को चुनौती देना ठीक नहीं है।

भाटी ने कहा कि अधिकारियों से भी किसी प्रकार की कोई बात हो तो उसको लेकर भी मुख्यमंत्री तक हम अपनी बात पहुंचाते हैं। मुख्यमंत्री भी हमें इस बात को लेकर नसीहत देते हैं कि हम सब जनता के ट्रस्टी हैं और हमको जनता के हित के अनुसार काम करना चाहिए।

# ‘सैनिकों के कल्याण के लिये सात दिसम्बर तक धन-संग्रह पर्व मनाएंगे’



**राज्यपाल और सैनिक कल्याण विभाग के संरक्षक कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में पूर्व सैनिकों की सहायतार्थ धन सहयोग के लिए निर्मित क्यूआर कोड स्कैन कर अपनी ओर से उसमें धनराशि स्थानांतरित कर इसकी शुरुआत की। राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह जसोल ने बताया कि राजस्थान में सोमवार से 7 दिसम्बर तक एक माह का धन-संग्रह पर्व मनाये जाने की पहल हुई है। इसके तहत राज्य के हरेक जिले में आम जन को प्रेरित कर पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ सहायता राशि एकत्रित की जाएगी।**



गुरु नानक जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को जयपुर के राजपार्क स्थित गुरुद्वारे को रोशनी से सजाया गया।

## चेतक कोर की कमान लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय को सौंपी

**जयपुर**। लेफ्टिनेंट जनरल जे बी चौधरी ने आज एक साल से अधिक के सफल कार्यकाल के बाद बठिंडा सैन्य स्टेशन में प्रतिष्ठित चेतक कोर की कमान लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय को सौंपी।

कमान सौंपने की पूर्व संध्या पर अपने विदाई भाषण के दौरान, जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने चेतक कोर के सभी रैंकों को उनकी प्रतिबद्धता, उत्साह और संगठन के प्रति निष्ठा के लिए बधाई दी। उन्होंने उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सैनिक कौशल को सुधारने, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और जटिल भविष्य के युद्ध क्षेत्र परिवेश और सामाजिक वातावरण की चुनौतियों के अनुकूल होने का आग्रह किया। जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने महसूस किया कि सहानुभूति और दया, दृढ़ संकल्प और संगठन के प्रति समर्पण की इच्छा के साथ, नेतृत्व के मूल सिद्धांत हैं। उन्होंने कहा कि बड़े लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सैनिक को सेवा के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। लेफ्टिनेंट जनरल संजीव राय ने 33वें जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में चेतक कोर की कमान संभाली। जनरल ऑफिसर को सिख लाइट इन्फैंट्री में कमीशन किया गया था।

## मेडिकल छात्र की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नीट यूजी-2020 मामले में मेडिकल छात्र के एडमिशन को सुनिश्चित करते हुए दो साल की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अशोक कुमार गौड की एकलपीठ ने यह आदेश पंकज मीणा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मवीर ठोलिया और अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के नीट आवेदन में ई-मित्र संचालक की लापरवाही के कारण पिता के कॉलम में माता और माता के कॉलम में पिता का नाम दर्ज हो गया था। इस पर छात्र ने नाम सही करने के साथ ही प्रवेश व छात्रवृत्ति दिलवाने के लिए याचिका दायर की थी। छात्रवृत्ति जारी नहीं करने पर अदालत ने अधिकारियों को फटकार लगाई थी।

इसके साथ ही अदालत ने छात्रवृत्ति जारी नहीं करने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव को तलब करते हुए शपथ पत्र पेश कर यह बताने को कहा था कि प्रदेश में किस प्रक्रिया के तहत छात्रवृत्ति जारी की जाती है। राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में शपथ पत्र करने के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता के एडमिशन को सुनिश्चित करने के आदेश देते हुए दो साल की बकाया छात्रवृत्ति जारी करने को कहा है।

# ‘भाजपा प्रत्येक बूथ पर 20 नवमतदाता को पार्टी कार्यकर्ता के रूप में जोड़ेगी’

- **भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, विजेन्द्र पूनिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने किया संबोधित**

**जयपुर**। भाजपा के प्रदेशभर के नवमतदाता अभियान के जिला संयोजक व सह-संयोजकों की कार्यशाला प्रदेश कार्यालय में सम्पन्न हुई। कार्यशाला के शुभारंभ में प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि आप सभी पर पार्टी ने एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी है कि हर बूथ पर प्रथमबार जितने नवमतदाता हैं उनमें से कम से कम 20 नवमतदाताओं को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में जोड़ना है, इसलिए प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर नवमतदाताओं को भाजपा कार्यकर्ता के रूप में मजबूती से खड़ा करना है।

उन्होंने कहा कि, पूरी सक्रियता के साथ नवमतदाता अभियान चलाना है इसके लिए बूथ तक संरचना का कार्य हम सबको करना है। कार्यशाला के अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि तकनीकी के आधुनिक युग में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं में व्यापक संवाद बढ़ा दिया है। इसलिए नवमतदाताओं के बीच में पूरी तैयारी के साथ केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं राजस्थान सरकार की विफलताओं को लेकर जाएं।

## ‘सबसे अच्छा काम कर रहे हैं सतीश पूनिया’

**जयपुर**। आमेर विधानसभा क्षेत्र में दीपावली स्नेह मिलन कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि, आप बड़े भाग्यशाली हो आपने आशीर्वाद दिया। आपके आशीर्वाद से आपके आमेर के विधायक पूरे राजस्थान प्रदेश के सबसे बड़े नेता, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान भाजपा के डॉ. सतीश पूनिया हैं। आमेर क्षेत्र का पूरा मान सम्मान इस प्रदेश में ही नहीं, जब पूरे देशभर की भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति होती है उसमें सभी प्रदेश अध्यक्षों को बुलाया जाता है, तो वहां भी कहा जाता है कि सबसे बढ़िया काम किस प्रदेश अध्यक्ष ने किया तो डॉ. सतीश पूनिया का नाम ऊपर आता है।

## प्रदेश के 6 जिलों में 23 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में सोमवार को नए करोना संक्रमितों की संख्या में और कमी आई है। इस दौरान 23 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच दोगुना से ज्यादा रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 330 रह गए हैं।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 6 जिलों में 23 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 37 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज 8 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा सिरोही में 7, राजसमंद व अजमेर में 3-3 तथा जोधपुर और उदयपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 1080 जांचे की गई।

प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई हैं। इस दौरान 54 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 330 रह गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 28 और मरीजों के रिकवर होने से एक्टिव केस घटकर 102 रह गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9646 लोगों की मौत हो चुकी है। राजधानी जयपुर में सोमवार को 6 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सांगानेर में 2 तथा जगतपुरा, झोटवाड़ा, मालवीय नगर और वैशाली नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 2 संक्रमितों का पता गलत मिला है।

- **जयपुर में सोमवार को 8 नए संक्रमित सामने आए हैं**

## दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर**। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त सतवीर सिंह को बीस साल की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने नाबालिग पीडिता के साथ दुष्कर्म कर ना सिर्फ उसे शारीरिक और भावनात्मक क्षति पहुंचाई, बल्कि उसके व्यक्तित्व और गरिमा को भी आहत करने का काम किया है। इसलिए उसके खिलाफ नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि पीडिता के पिता ने 19 अगस्त, 2020 को सोडाला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि एक दिन पहले पडोसी किराएदार ने उसकी पन्द्रह वर्षीय पीडिता के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की थी।

# महापौर उपचुनाव : ‘क्रॉस वोटिंग’ की संभावना से भाजपा चिंतित तो कांग्रेस को जीत की उम्मीद

## बाड़ेबंदी से दूर हैं दोनों पार्टियों के कुछ पार्षद, प्रत्याशी चयन को लेकर भी नाराजगी बरकरार

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम महापौर की कुर्सी पर कौन बैठेगा, इसका फैसला 3 दिन बाद होगा। महापौर उपचुनाव में नामांकन वापसी के आखिरी दिन सोमवार को किसी ने नाम वापस नहीं लिया है। ऐसे में अब कांग्रेस से हेमा सिंघानिया और भाजपा से रश्मि सैनी चुनाव मैदान में डटी हुई हैं। मगर दोनों ही पार्टियों को क्रॉस वोटिंग का डर सता रहा है। यही वजह है कि दोनों दलों ने अपने-अपने पार्षदों पर निगरानी बढ़ा दी है।

सूत्रों की मानें तो ‘क्रॉस वोटिंग’ की संभावना के चलते जहां भाजपा के नेता चिंतित हैं तो कांग्रेस को इसी के मार्फत जीत की उम्मीद है। ऐसे में दोनों ही दल कशमकश में हैं। दरअसल भाजपा के 85 पार्षद हैं। संगठन दावा कर रहा है कि सभी पार्षद बाड़ेबंदी में मौजूद है, जबकि हकीकत में अब भी 10 से 12 पार्षद बाड़ेबंदी से बाहर हैं। इसी तरह कांग्रेस के भी 30 से 35 पार्षद ही बाड़ेबंदी में पहुंचे हैं। यही वजह है कि दोनों ही पार्टियां आशंकित हैं कि कहीं क्रॉस वोटिंग ना हो जाए। वजह यह भी है कि कई पार्षद और बड़े नेता ऐसे हैं, जो मेयर प्रत्याशी के चयन से भी नाराज है। हालांकि विधायक और विधायक प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र के पार्षदों से संपर्क करके उनकी नाराजगी दूर करने की कोशिश करने में जुटे हैं। उधर बाड़ेबंदी के बीच सोमवार दोपहर को शील धाभाई ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पहुंची। जहां उन्होंने कई पार्षदों और अधिकारियों से मुलाकात की। भाजपा द्वारा महापौर प्रत्याशी नहीं बनाने का दर्द उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। उन्होंने अपनी पीड़ा भी जाहिर की। इस दौरान निर्दलीय पार्षद स्वाति परनामी भी उनसे मिलने पहुंची।

- **शील धाभाई सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पहुंची, आचार संहिता लागू रहने के कारण सरकारी कामकाज से दूर रही लेकिन चेहरे पर मेयर प्रत्याशी न बनाने का दर्द झलकता दिखा**
- **नामांकन के आखिरी दिन सोमवार को किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया, ऐसे में अब कांग्रेस उम्मीदवार हेमा सिंघानियां और भाजपा की रश्मि सैनी के बीच होगी टक्कर**

### सौम्या गुर्जर की याचिका पर सुनवाई 9 नवंबर को

**जयपुर** (कासं)। ग्रेटर नगर निगम की बर्खास्त मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर की याचिका पर सोमवार को भी राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। जस्टिस महेंद्र कुमार गोयल की एकल पीठ में यह मामला सूचीबद्ध था, लेकिन समय अभाव के चलते नहीं सुना जा सका। अब मामले की सुनवाई के लिए 9 नवंबर का समय दिया है। सौम्या ने सरकार की ओर से बर्खास्तगी एवं चुनाव पर रोक लगाने को चुनौती दी थी। इससे पहले भी सौम्या गुर्जर के मामले में 3 नवंबर को भी हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। जिस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 7 नवंबर का दिन तय किया था।

# क्या वार्डों की संख्या बढ़ाकर राजनीतिक उद्देश्य के लिए बनाए गए थे दो नगर निगम : हाईकोर्ट

- **हाईकोर्ट ने नगर निगम हैरिटेज और ग्रेटर के कई विभागों का कामकाज एक ही अफसर के संभालने के मामले में कड़ी मौखिक टिप्पणी की है**
- **अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि जब दो नगर निगम नहीं संभल रहे हैं तो शहर को ही दो हिस्सों में बांटकर नया शहर बसा देते, ताकि नया नगर निगम नए कर्मचारियों के साथ काम-काज तो करता**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम हैरिटेज और ग्रेटर के कई विभागों का कामकाज एक ही अफसर के संभालने के मामले में कड़ी मौखिक टिप्पणी की है। अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि जब दो नगर निगम नहीं संभल रहे हैं तो शहर को ही दो हिस्सों में बांटकर नया शहर बसा देते, ताकि नया नगर निगम नए कर्मचारियों के साथ काम-काज तो करता। अदालत ने कहा कि पुरानी नगर निगम के स्टाफ से ही दोनों नगर निगम चला रहे हो तो क्या वार्ड की संख्या बढ़ाकर राजनीतिक उद्देश्य के लिए दो नगर निगम बनाए थे। सीजे पंकज मित्थल व जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह मौखिक टिप्पणी सोमवार को ओपी टांक की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह आगामी सुनवाई को बताए कि निगम का कौनसा अफसर किस जगह पदस्थापित है। अदालत ने कहा कि दो निगम बनाने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता डॉ. अभिनव शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने अक्टूबर 2019 में शहर के विकास को सुचारू गति और प्रभावी प्रशासनिक नियंत्रण के नाम पर जयपुर नगर निगम को हैरिटेज और ग्रेटर नगर निगम के तौर पर दो निगमों में बांटा था। इसके बावजूद भी गैराज, उद्यान व टाउन प्लानिंग विभाग सहित अन्य विभागों के एक ही अफसर दोनों निगमों का काम देख रहे हैं। जिस पर राज्य के एएजी अनिल मेहता ने कहा कि जयपुर शहर का विस्तार हो गया है और नागरिकों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया था। जिस पर खंडपीठ ने कहा कि यदि दो नगर निगम संभल नहीं रहे हैं तो बनाने की क्या जरूरत थी।

दरअसल पीआईएल में कहा गया कि पूर्व में हाईकोर्ट में नगर निगम के विभाजन को चुनौती दी गई थी। उस समय एजी ने यह कहते हुए राज्य सरकार का बचाव किया था कि दो नगर निगम होने से प्रशासनिक दृष्टि से आसानी रहेगी और क्षेत्र कम होने से अधिकारी कामों की निगरानी कर सकेंगे। जबकि अधिकारियों का बंटवारा केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है, दोनों नगर निगमों के कई पदों पर एक ही अधिकारी काम कर रहे हैं।

## मानदेय में वृद्धि

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं लोक जुम्बिश कर्मियों के मानदेय में 5 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

## स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर झण्डा स्टीकर का विमोचन

**जयपुर**। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने अपने निवास पर झण्डा स्टीकर का विमोचन कर भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस पर राज्य स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में मुख्यालय स्तर पर स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने झण्डा स्टीकर का विमोचन कर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भारत स्काउट व गाइड के स्थापना दिवस की बधाई दी।

राज्य संगठन अध्यक्ष ने स्टीकर विमोचन के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड संगठन पूर्व की भाँति राष्ट्र में अपना परचम फहरायेगा। भारत स्काउट द्वारा आयोजित 18वीं राष्ट्रीय स्काउट व गाइड जम्बूरी का 4 से 10 जनवरी तक रोहट, जिला पाली में आयोजन से राजस्थान प्रदेश सम्पूर्ण राष्ट्र एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर सकेगा।

# 5 दिन पहले लापता हुए युवक को पुलिस नहीं ढूंढ सकी तो लोगों का आक्रोश फूटा

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर इलाके के मान्यावास गांव में 5 दिन से लापता मुकेश सैनी का कोई सुराग नहीं लगने पर सोमवार को सैकड़ों लोगों ने एसीपी कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज ने मुकेश सैनी के परिवार समेत सैकड़ों लोगों के साथ एसीपी ऑफिस के बाहर एकत्रित होकर नाराजगी जताई। भारद्वाज ने चेताया कि कल को अगर कोई अनहोनी हो गई तो इसका ज़िम्मेदार पुलिस प्रशासन होगा। गुस्साए लोगों ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाकर जल्द कार्यवाही की मांग की।

दरअसल, मुकेश सैनी गोपाल नगर स्थित अपने घर से 3 नवंबर की सुबह काम के लिए निकला था। उसने 10 बजे परिजनों को आखिरी कॉल की थी। इसके बाद अब तक भी उसका कोई सुराग नहीं हैं। इसके लेकर सोमवार को कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज ने परिजनों सहित सैनी समाज के सैकड़ों लोगों के साथ मानसरोवर एसीपी कार्यालय का घेराव किया। भारद्वाज ने एसीपी हरिशंकर यादव से बात की और जल्द लापता युवक को ढूंढने के लिए कहा।

वहीं, एसीपी हरिशंकर ने बताया पुलिस की 4 नई टीम गठित की गई है, जो जल्दी ही मुकेश सैनी का सुराग लगाने के लिए काम करेगी और जो टीम पहले से काम कर रही है वह भी अपने काम में गति लाते हुए जल्द ही मुकेश सैनी को वापस लाने के लिए कटिबद्ध है। उधर मुकेश के परिजन भी अपने स्तर पर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं।

परिजनों के मुताबिक मुकेश शुरू से ही पढाई में बहुत अच्छा था। उसके माता-पिता, पत्नी और बच्चे लापता होने के बाद से काफी परेशान हैं। मुकेश के भाई ने बताया कि पहली बार मुकेश इस तरह से गायब हुआ हैं। मुकेश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही हैं। मुकेश ने सीए का भी एग्जाम दिया था, लेकिन वह क्लियर नहीं कर पाया। इसके बाद से वह कई कंपनी में अकाउंट्स का काम किया करता था।

## आमेर तहसील का घेराव कल

**जयपुर**। देश की महत्वपूर्ण पर्यटन नगरी आमेर की बदहाल सड़कों के निर्माण की और पीने के पानी की सप्लाई माँग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और आमेर विधायक डॉ. सतीश पूनियां के नेतृत्व में आमेर तहसील का 9 नवंबर को घेराव कर गूंगी बहरी कांग्रेस सरकार को जगाएंगे। आमेर चलो...तहसील घेरो लोकतंत्र में जब सरकार नहीं सुने तो आवाज़ मुखर करो, इस हकीकत से रू-ब-रू कराने के लिये भारतीय जनता पार्टी, आमेर शहर मंडल(जयपुर शहर) द्वारा आयोजित पैदल मार्च 9 नवंबर को कुंडा तिराहे से आमेर तहसील तक निकाला जायेगा।

## संक्षिप्त

### हीरालाल जनागल का आकस्मिक निधन



**ब्यावर, (निसं)।** शहर के जाने-माने सौम्य स्वभाव के धनी आदर्श शिक्षक, हास्य कलाकार और भारती साहित्य संस्थान के पदाधिकारी रहे श्रेष्ठ हास्य-व्यंग्य कवि और कलाकार हीरालाल जनागल का आकस्मिक निधन हो गया। हास्य व्यंग्य और शिक्षा के क्षेत्र के लिए यह एक अपूर्णीय क्षति है। शहर के सभी शिक्षकगण, कलाकार और कवि इस आकस्मिक निधन की सूचना पर स्तब्ध है। नैनसिंह रावत, गणपत सिंह मुग्धेश, रमेश यादव, राम पंजाबी, रामप्रसाद कुमावत, मुकेश शर्मा, संजय सिंह गहलोत, राजकुमार पंवार, पूनम शर्मा आदि ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### चार दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर चार दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के संयोजक ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना खिलाड़ियों का फर्ज है। खेल में हार जीत का कोई महत्व नहीं है। खेलकूद प्रतियोगिता संयोजक ने बताया कि 17 वर्ग सेमीफाइनल में नारायण विजयनगर व जालिया सेकंड मुकाबले में जालिया सेकंड विजेता रही। अमृतवाणी फतेहगढ़ व मोहम्मद अली ब्यावर मुकाबले में अमृतवाणी विजेता रही। क्वार्टर फाइनल 19 वर्ग में नागोला व सेंट जोसफ़ अजमेर, कादेड़ा एवं प्रज्ञा विजयनगर विजेता टीमें विजेता रही।

### मीनल शर्मा ने दी प्रस्तुति

**पुष्कर, (निसं)।** पवित्र पुष्कर सरोवर के किनारे स्थित जयपुर घाट पर चल रहे पांच दिवसीय लेक फेस्टिवल में पुष्कर की कलाकार मीनल शर्मा ने मोहे रंग दो लाल पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी मीनल शर्मा मुंबई में रहकर नृत्य सीख रही है साथ ही पुष्कर में हेमंत देवड़ा से भी नृत्य सीखा है मीनल शर्मा ने बताया कि शुरू से ही वह नृत्य को ही अपना लिया है। माता-पिता और गुरु की कृपा से आज मुंबई तक पहुंची इसके लिए पुष्कर धर्म की मां कविता पाराशर और दिशा पाराशर का पूरा सहयोग रहा मीनल को खासकर मुंबई से नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम 5 दिन तक चला और कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा।

### डीजीपी का पुष्कर में स्वागत

**पुष्कर, (निसं) ।** राजस्थान पुलिस के महानिदेशक उमेश मिश्रा पुष्कर पहुंचे जहां ब्रह्मा घाट पहुंचने पर तीर्थ पुरोहितों ने मिश्रा का स्वागत किया। इसके बाद पंडित हरिप्रसाद पाराशर ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। डीजीपी ने पुष्कर मेले के बारे में पुरोहितों से जानकारी ली। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन किये। अजय रावत ने मेले में सैंड आर्ट फेस्टिवल में आगमन पर उनका बालू मिट्टी पर चित्र बनाकर स्वागत किया। उमेश मिश्रा का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

### पानी छोड़ने की तारीखे जारी

**भीलवाडा, (निसं)।** जल संसाधन विभाग कोटडी के सहायक अभियन्ता कुणाल मोटवानी ने बताया कि जल उपभोक्ता संगम की प्रस्तावित बैठक में लिए गयें निर्णय के अनुसार देवरिया बांध की नहरे 7 नवंबर को खोली जायेगी। इसी तरह शिवसागर बांध की नहरे 11 नवंबर को, झाडोल बांध की 13 नवंबर को तथा सांकडाउण्ड तालाब की नहरे 16 नवंबर को खोली जायेंगी। उन्होंने कहा कि कोई भी काश्तकार पानी का बिगाडा नहीं करें तथा अवैध रूप से नहर में इंजन नहीं लगावें। यदि काश्तकार ऐसा करता पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेंगी।

### विद्युत आपूर्ति आज बंद रहेगी

**अरांई, (निसं)।** 33/11 केवी जीएसएस सिरोंज से निकलने वाले 11 केवी फीडर पर मंगलवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता प्रखर जैन ने बताया कि जीएसएस सिरोंज पर आवश्यक रख-रखाव के चलते सिरोंज, भामोलाव, भोगादीत, खेड़ा नोनन्दपुरा तथा माइंस फीडर पर सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# लुटेरी गैंग का खुलासा कर तीन आरोपी गिरफ्तार, फरार की तलाश जारी

■ एक बालापचारी निरूद्ध, एक दर्जन के करीब लूट की वारादातों को अंजाम दिया था

**भीलवाडा, (निसं)।** शहर में आतंक का पर्याय बनी लुटेरी गैंग का पुलिस ने खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। इन आरोपियों ने शहर में एक दर्जन के करीब लूट की वारादातों को अंजाम दिया था। 6 वारदातों को एक ही रात में अंजाम देने के बाद भीलवाडा पुलिस की नींद जागी और आरोपियों की धरपकड के लिए 50 से ज्यादा पुलिस कर्मियों का गठन कर मामले का खुलासा किया है।

एएसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया की 4 नवंबर की देर रात शहर में हुई एक साथ लूट, मारपीट की 6 वारदातों के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और आसूचना के आधार पर मामले का खुलासा करते हुए राकेश बलाई पिता नारायण बलाई 19 साल निवासी माताजी का खेडा सुवाणा पुलिस थाना सदर जिला भीलवाडा, सुनिल धोबी पिता सुरेश कुमार जाति धोबी 20 साल निवासी बडा मन्दिर के पास सुवाणा पुलिस थाना सदर जिला भीलवाडा, गोलु कोली पिता सत्यनारायण जाति कोली 18 साल निवासी मोक्षधाम के पिछे दादाबाडी पुलिस थाना भीमगंज जिला भीलवाडा और एक बालअपचारी को निरूद्ध किया। इस मामले में फरार आरोपी गोपाल धोबी पिता भंवर धोबी 20 साल नि. सुवाणा थाना सदर, जिला भीलवाडा की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। एएसपी मेत्रेयी ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया की 200 से ज्यादा कैमरों और मोबाईल टावर की लोकेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची है। एएसपी ने शहरवासियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की है।



भीलवाड़ा पुलिस ने लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# हत्या मामले में 16 दिन बाद भी कार्यवाई न होने पर प्रदर्शन

■ डिप्टी को ज्ञापन देकर हत्या मामले का खुलासा करने की मांग

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले के शाहपुरा थाना क्षेत्र के ढाणी भवसागर निवासी प्रभु पिता बालू रेबारी की संदिग्ध हालत में हत्या किए जाने के मामले में 16 दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने को लेकर परिजनों व ग्राम वासियों ने सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया तथा पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन देकर हत्या मामले का खुलासा की मांग की है।

मृतक प्रभु रेबारी के पुत्र मुकेश रेबारी, पौत्र विनोद रेबारी की अगुवाई में ग्रामीणों ने दिए ज्ञापन में कहा है कि 21 अक्टूबर 22 को प्रभु रेबारी खेत पर जाने की कहकर घर से निकले थे। परंतु 2 दिन तक घर पर ना आने के कारण उन्होंने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई। अचानक 23 अक्टूबर को उनके ही खेतों के पास एक पानी के नाले में प्रभु रेबारी का शव तैरता हुआ पाया गया। परिजन व ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाहपुरा के जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया। इसी दौरान परिवार जनों की ओर से पुलिस थाने में प्रभु रेबारी की हत्या किए जाने के संबंध में नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। इन आरोपियों में कमल पुत्र शंभू रेबारी, मुकेश पुत्र भोमा रेबारी, हीरा पुत्र भोमा, भीमराज पुत्र शंभू रेबारी, शंभु पुत्र सौदान रेबारी, दूधा पुत्र सौदान रेबारी, बन्ना पुत्र सौदान रेबारी, भेरु पुत्र दूदा रेबारी को नामजद किया गया है। आज ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि आरोपियों के साथ जमीन के मामले को लेकर पिछले दो-तीन सालों से रंजिश चल रही थी। पहले भी जानलेवा हमला हो चुका है। जिसकी भी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई परंतु शाहपुरा पुलिस ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। आज पुलिस उपाधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में 5 बिंदुओं पर जांच की मांग करते हुए हत्या का खुलासा करने की मांग की गई है। पुलिस उप अधीक्षक को दिए गए ज्ञापन में ग्रामीण व परिजनों ने कहा है कि समय रहते पुलिस ने ईमानदारी से अगर हत्या के प्रकरण की जांच नहीं की तो ग्रामीण आंदोलन कार्यवाही करेंगे। मृतक प्रभु रेबारी के पौत्र विनोद रेबारी ने बताया कि आज दिए गए ज्ञापन पर पुलिस ने ज्ञापन में दिए गए पांचों बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है तथा पुलिस उपाधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने आश्वस्त किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा एफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर और मोबाइल लोकेशन ट्रेकिंग करवाकर शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

ज्ञापन देते समय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष जयंत जीनगर, एडवोकेट अक्षय रेबारी, जितेंद्र पाराशर, विनोद रायका, मुकेश रेबारी, भगवानलाल रेबारी, राकेश बंजारा, महावीर प्रसाद, शिवराज, चंद्रप्रकाश, रामकुमार, अनिल कुमार, शंकर गुर्जर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। पुलिस उपाधीक्षक महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा है कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। सुराग मिलते ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करने को भी कहा है ताकि कार्रवाई को आगे बढाया जाये।

## भव्य साईकल रैली का आयोजन19 को मेड़ता में

■ नामदेव दर्जी समाज के नागरिकों ने बैठक कर की चर्चा

**मेड़ता सिटी, (निसं)।** मेड़ता नामदेव दर्जी समाज के तत्वाधान में मेड़ता नामदेव दर्जी समाज अध्यक्ष श्याम सुंदर खत्ती के सानिध्य में रविवार देर शाम को नामदेव भवन में दीपावली स्नहे मिलन का आयोजन किया गया।

वही साथ ही आगामी 19 नवंबर को मेड़ता शहर में आने वाली भव्य साईकिल रैली के स्वागत तथा उनको समाज से मिला कर भजन कीर्तन को लेकर चर्चा की गईं। समाज अध्यक्ष खत्ती ने बताया की दीपावली को लेकर समाज द्वारा स्नहे मिलन किया गया वही संत शिरोमणि श्री नामदेव म्हाराज के 752 वे जयंती अवसर पर 4 नवंबर से शुरू हुई भव्य साईकिल यात्रा श्री क्षेत्र पढ़रपुर (महाराष्ट्र) से घुमान (पंजाब) तक जाने वाली भव्य रथ और साईकिल यात्रा जों 19 नवंबर को मेड़ता पहुंचेगी जहाँ मेड़ता नामदेव दर्जी समाज द्वारा भव्य रैली का समाज द्वारा स्वागत अभिन्दन किया जाएगा जिसको लेकर समाज के नागरिकों से चर्चा की गईं। वही उनके ठहरने तथा भोजन व भजन आदी की व्यबस्थाओं को लेकर चर्चा की गईं।

वही सचिव दामोदर रुणवाल ने बताया कि मेड़ता समाज के विकास के उत्थान के लिए समाज के नागरिको से चर्चा कि गईं वही समाज भवन को लेकर भवन व्यवस्थाओं आदि कार्य पर चर्चा की गईं। इस मौके पर ओमप्रकाश रुणवाल, पुष्कर ट्रस्ट अध्यक्ष नवरतन मल टाक, वीरेंद्र वर्मा, कैलाश नागर, रामकिशोर तोलम्बिया, जगदीश प्रसाद नागर, नवरतनमल सर्वा, कमल डीडवानिया, सुरेश तारवाण , सुखदेव नेरिया, भगवती लाल तोलम्बिया, अशोक तोलम्बिया, बजरंग उठवाल, नन्द किशोर तोलम्बिया, कैलाश तोलम्बिया, प्रेमप्रकाश उठवाल, नेमीचंद खत्ती, घनश्याम नेरिया, दिनेश उठवाल, विनोद खत्ती, सुरेश रुणवाल, उदयराज नागर, नरेंद्र तोलम्बिया, सीपी डीडवानिया विनोद इडिवाल, मनोज वर्मा, महावीर कावलिया व महेन्द्र टेलर सहित समाज बंधु मौजूद थे।

## धार्मिक स्थानों पर दीपदान

**नागौर, (निसं)।** कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लोगों ने सोमवार की शाम को घरों से लेकर मंदिरों तक दीपदान किए। शाम गहराते ही जहां शहर के मकानों की मुंडेरे व मुख्य प्रवेश द्वार दीयों से रोशन थे वहीं मंदिरों में असंख्य दीप झिलमिला उठे। सुंदर दीपमालिका दूर से ही आकर्षण का केंद्र बन गई। बडी संख्या में लोगों ने नगरसेठ बंशीवाला मंदिर सहित अनेक मंदिरों में दीपदान किए। दरअसल मंगलवार को चन्द्रग्रहण है। इस बार पूर्णिमा सोमवार की शाम से मंगलवार की शाम तक मानी जा रही है। ऐसे में लोगों ने सोमवार की शाम को ही कार्तिक पूर्णिमा मान जगह जगह दीपदान किए। इस कार्तिक पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण होने के कारण देव दीवाली दो दिन मनाई जाएगी। शहर में सोमवार की शाम को महादेव मंदिर, प्रताप सागर स्थित बड़लेश्वर महादेव मंदिर, लोढों के चौक स्थित गणेश मंदिर, नया दरवाजा हनुमान मंदिर तुलसी चोक स्थित गणेश मंदिर, गोपीनाथ मंदिर सहित अनेक मंदिरों व धार्मिक स्थानों पर दीपदान किए गए।

# मांडलगढ़ इंदिरा रसोई में अब मात्र 1 रुपये में भोजन की थाली मिलेगी

■ जरूरतमंदों को भरपेट भोजन मिलेगा

**मांडलगढ, (निसं)।** मांडलगढ़ इंदिरा रसोई में 9 नवम्बर से मात्र एक रुपए में जरूरतमन्दों को भरपेट भोजन उपलब्ध होगा।

इंदिरा रसोई के पूर्व संवेदक द्वारा अनियमितता बरतने के मामले में संस्था को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था। इससे दो सप्ताह से मांडलगढ में दोनों इंदिरा रसोई घर बन्द पडे थे। अस्पताल परिसर में इंदिरा रसोई का संचालन पालिका अध्यक्ष जफ़र टाँक के प्रयासों से पिछले दिनों शुरू किया गया था। मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष जफ़र टाँक ने बताया कि जवाहर फाउंडेशन की अनुकरणीय पहल पर 9 नवंबर को दोपहर 1 बजे रेलवे फाटक ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोनों जगह इंदिरा रसोई का शुभारम्भ किया जाएगा। प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला की स्वाभिमान भोज कार्यक्रम के तहत जवाहर फाउंडेशन द्वारा भोजन की थाली मात्र एक रुपए में उपलब्ध कराई जाएगी। इंदिरा रसोई के शुभारम्भ कार्यक्रम में जयपुर से भारतीय क्रिकेट टीम के क्रिकेटर एवं गेंदबाज राजेश बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा रजनीश वर्मा (ओएसडी) एलएनजे भीलवाडा ग्रुप व स्थानीय जनप्रतिनिधि पार्षदगण मौजूद रहेंगे।




मांडलगढ़ में जवाहर फाउंडेशन द्वारा सीएचसी पर नवीनतम इंदिरा रसोई में मात्र एक रुपए में भोजन मिलेगा।

# राजस्व अधिकारी प्रकरणों के निस्तारण के साथ आंकड़े ऑनलाइन करें : कलेक्टर

■ 'जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए'

**नागौर, (निसं)।** जिला कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर समारिया ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी प्रकरणों के निस्तारण के साथ साथ ही आंकडों को त्वरित ऑनलाइन करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में विभिन्न न्यायालयों में दर्ज राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा कर उनके निस्तारण की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पटवारियों की नियमित बैठक लेते रहे। उन्होंने किसी राजस्व प्रकरण को ड्रॉप करने के बाद उसे रिस्टोर करने के लिए कोई मजबूत कारण सुनिश्चित करने की बात कही। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी अपने अधिकारों का उपयोग जनहित में करे और नियत समय में विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान करें। जिला कलेक्टर ने कहा कि सभी तहसीलदार अधिकतम वक्त फील्ड में रहना सुनिश्चित करें ताकि राजस्व प्रकरणों के संबंध में विभिन्न स्थितियां स्पष्ट हो सके।

जिला कलेक्टर ने सभी एसडीएम को हर सोमवार को नियमित रूप से उपखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए सरकार की योजनाओं की सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग से समन्वय स्थापित कर हर जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए स्पेशल ड्राइव चलाने की बात कही एवं सोर्स की जानकारी प्राप्त होने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रूटीन इम्यूनाइजेशन की स्थिति सुधारने के निर्देश देते हुए एमआरएस की बैठक की नियमितता पर भी चर्चा की और समय पर बैठक करवाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को गौशालाओं का समय समय पर निरीक्षण करने एवं ई मित्र का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहन लाल खटनावलिया, कुचामन अतिरिक्त जिला कलेक्टर कमला अलारिया, राजस्व अपील अधिकारी रीछपाल सिंह बुरडक, खींवसर एसडीएम आईएएस डॉ धीरज कुमार सिंह, सीडीईओ सुरेंद्र सिंह शेखावत, आईसीडीएस के उपनिदेशक सुभाष विश्नोई, डीएसओ अंकित पचार, जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### प्रकाश पर्व पर विशेष कीर्तन समागम



**बिजयनगर, (निसं)।** ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा तत्वावधान में श्री गुरु नानक देव साहिब का प्रकाश उत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में विशेष कीर्तन समागम के आयोजन के साथ आकर्षक दीवान सजाया गया। दीवान में श्री सुखमनी साहिब पाठ का आयोजन हुआ। कीर्तन दरबार कीर्तन और कथा भाई इंद्रपाल सिंह हजूरी रागी फतेहगढ़ साहिब वाले, भाई गुरुदयाल सिंह भीलवाड़ा वाले बीबी हरप्रीत कौर ने संगत को कथा और कीर्तन से निहाल किया। तत्पश्चात अटूट लंगर का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा, संरक्षक व पूर्व पार्षद गुरुभेज सिंह टुटेजा, कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह टुटेजा, दिलप्रीत सिंह टुटेजा, राजन सिंह टुटेजा, जोगिंदर सिंह जोधा, सुरेंद्र जुनेजा, अगम सिंह टुटेजा गगनदीप सिंह टुटेजा, नंदलाल तीर्थवानी, मनदीप सिंह, हरमीत सिंह टुटेजा, हेमंत पेशवानी, सुरेंद्र सिंह टुटेजा, दुर्गा केलानी, गुरुमीत कौर, भावना कौर, गुरचरण कौर, रजनी कौर, मनजीत कौर गुरु प्रीत कौर, नवप्रीत कौर, दीपमाला जुनेजा, विनायक, मुस्कान कौर सहित सिख समाज के लोगों ने सेवाएं देते हुए प्रकाश पर्व मनाया।

### मनीष व्यास ने जन्मदिन पर रक्तदान व दान पुण्य किया



**ब्यावर,(निसं)।** महावीर इन्टरनेशनल के सह सचिव व पूर्व पार्षद मनीष व्यास ने अपने जन्मदिवस को रक्तदान व गरीबों को भोजन करवाते हुए हर्षोल्लास से मनाया। व्यास ने अपना पूरा दिन दान पुण्य ओर सेवा कार्य करते हुए जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मनीष व्यास ने राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के ब्लड बैंक पहुँच सर्वप्रथम रक्तदान किया ओर इंदिरा रसोई में माध्यम से 62 गरीब व्यक्तियों को अपने हाथो से भोजन करवाते हुए उन्हें भी ऐसे मौके पर रक्तदान हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर संस्था पदाधिकारीयों ने संस्था के सह सचिव मनीष व्यास का मोतीयों एवं फूलो की माला पहनाकर कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर महावीर इन्टरनेशनल ब्यावर के चेयरमेन दीपचंद कोठारी, सचिव एडवोकेट नीलेश बुरड़, मनीष व्यास, अमित पारीक, ज्ञानचन्द कोठारी, सुरेन्द्र कोठारी, गुलशन जैन, विशाल परीक, मोहित जैन, नरेन्द्र जेसवानी, शैलेश शर्मा, दिनेश जैन आदि उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार




नागौर सदर पुलिस ने नकबजनी के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई की।

■ आरोपियों ने गोगेलाव के सूने मकान को बनाया निशाना

**नागौर, (निसं)।** सदर पुलिस ने नकबजनी के एक मामले में 10 घंटें में ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अब इनसे बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। मामला निकटवर्ती ग्राम गोगेलाव का है। यहां एक बंद मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया। मुकदमा दर्ज होने के दस घंटे में ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

एसपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि नागौर निवासी सुरेन्द्र ललवानी ने सदर पुलिस को रिपोर्ट दी कि उसकी मौसी कुसुम कांकरिया पत्नी सुरेन्द्र कांकरिया का मकान गोगेलाव गांव में स्थित है। मौसी परिवार सहित चैन्नई में रहती है। मौसी को सूचना मिली कि बंद मकान के ताले टूटे पडे हैं तथा चोरी हुई है। इस पर मौसी नागौर आई और उसके साथ मौका देखा तो ज्ञात हुआ मकान से 7 पंखें, दो गैस की टंकिया, एक एचपी कंपनी की टंकी, पानी की दो मोटरें, प्लास्टिक बॉडी का एक कूलर, हैडमिक्सर सहित अनेक घरेलू सामान चोरी हो गया। मामला दर्ज होते ही जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व सीओ विनोद कुमार सीपा के निर्देशन में सदर थानाधिकारी रूपाराम के नेतृत्व में एक टीम गठित की। इस टीम ने दो नामजद आरोपियों को दस्तयाब कर पूछताछ की और जुर्म प्रमाणित होने पर तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों व आसूचना के आधार पर गोगेलाव के अगूणा बास निवासी बाबू भारती पुत्र पांचू भारती तथा किशोर भारती पुत्र मदन भारती को गिरफ्तार कर अनुसंधान प्रारंभ किया।



वह असल में ऐसा खिलाड़ी बन रहा है जो भारत को एक ऐसे स्कोर तक पहुंचा रहा है जिसका बचाव किया जा सके। अगर सूर्य विफल रहता है तो 140-150 रन बनाने के लिये भी जुझना पड़ेगा। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, सूर्य यादव के बारे में।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## लक्ष्य सेन



भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने गले में संक्रमण के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। अल्मोड़ा के रहने वाला यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हाइलो ओपन से ठीक पहले बीमार हो गया था। उन्होंने हालांकि इस टूर्नामेंट में भाग लिया था लेकिन वह पहले दौर में ही हांगकांग के एनजी का लॉन्ग एंगस से हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 15 से 20 नवंबर के बीच सिडनी में खेला जाएगा। सेन ने कहा," हाइलो ओपन के लिए सारब्रकेन पहुंचने से पहले ही मुझे बुखार, गले में दर्द और कमजोरी थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## जाखड़ ने विश्व चैम्पियनशिप में भारत का खाता खोला

अल ऐन, 7 नवंबर। भारतीय पैरा-शूटर राहुल जाखड़ ने यहां पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप में सोमवार को कांस्य पदक हासिल किया। जाखड़ ने टूर्नामेंट में भारत का खाता खोलने के लिये पी3 मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच1 प्रतियोगिता में 21 के स्कोर के साथ अपने हमवतन निहाल सिंह को शिकस्त दी। निहाल 20 पॉइंट के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि दो बार के पैरा ओलंपिक मेडलिस्ट सिंहराज अधाना ने 13 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया। जाखड़ ने क्वालीफिकेशन राउंड में 582 के स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया था जबकि सिंहराज और निहाल क्रमशः सातवें एवं आठवें स्थान पर रहे थे। पैरा शूटिंग विश्व चैंपियनशिप का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में छह से 17 नवंबर तक किया जाएगा।

## आईओए ने चुनाव से पहले आठ दिग्गज खिलाड़ियों को आवेदन का न्यौता दिया

नयी दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने दस दिसंबर को होने वाले चुनाव से पहले मतदाता सूची का हिस्सा बनने के लिये आठ दिग्गज खिलाड़ियों के आवेदन मंगवाये हैं। आईओए की दस नवंबर को होने वाली आमसभा की विशेष बैठक से पहले आवेदन मंगवाने के लिये न्योता दिया गया है । यहां जारी विज्ञिप्त के अनुसार इन आठ खिलाड़ियों में छह पुरूष और दो महिलायें होंगी जिन्हें कार्यकारी परिषद के चुनाव में मतदान का अधिकार होगा। ये खिलाड़ी 18 वर्ष से अधिक और 70 वर्ष से कम उम्र के होंगे और खेल को अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने आवेदन से कम से कम एक साल पहले कोई प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट नहीं खेला होना चाहिये । इसके अलावा ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल या एशियाई खेलों में एक पदक जीता होना चाहिये। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने संविधान के नये मसौदे को मंजूरी दे दी है जिसे आईओए की आमसभा की विशेष बैठक में स्वीकृति दी जायेगी । इसमें एक एथलीट आयोग बनाने का भी प्रावधान है जिसके दो प्रतिनिधि कार्यकारी परिषद में होंगे । उच्चतम न्यायालय ने आईओए के चुनाव के लिये दस दिसंबर की तारीख दी है ।

## सुमित एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली, 7 नवंबर। भारतीय मुक्केबाज सुमित (75 किलो) ने थाईलैंड के बोरवोर्न कदमदुआन को 3.2 से हराकर जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप में भारत का एक और पदक पक्का कर दिया। थाईलैंड ओपन चैम्पियन सुमित ने बंटे हुए फैसले के आधार पर क्वार्टर फाइनल जीता । अब उनका सामना गत चैम्पियन उजबेकिस्तान के जाफरोव सैदामशिद से होगा । भारत के अब 11 पदक पक्के हो गए हैं । भारत के सचिन (71 किलो) और लक्ष्य चाहर (80 किलो) अपने अपने मुकाबले हारकर बाहर हो गए । सचिन को एशियाई खेल 2018 के रजत पदक विजेता कजाखस्तान के असलानबेक शिमबरजेनोव ने 4.1 से हराया । वहीं लक्ष्य को उजबेकिस्तान के असलोनोव ओदिलजान ने 5.0 से शिकस्त दी । भारत के नवीन कुमार (92 किलो) और नरेंदर (92 प्लस) आज अपने अपने क्वार्टर फाइनल खेलेंगे । इससे पहले अमित कुमार (67 किलो), मोनिका (48 किलो) और सिमरनजीत कौर (60 किलो) हारकर बाहर हो गए ।

## बार्टी का टेनिस में वापसी का कोई इरादा नहीं

मेलबर्न, 7 नवंबर। विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ऐश बार्टी का टेनिस में वापसी करने या किसी अन्य खेल को अपनाने का कोई इरादा नहीं है। मेलबर्न पार्क में अपनी आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनकी उच्च स्तर के खेलों में वापसी करने की कोई इच्छा नहीं है और भविष्य में भी वह ऐसा नहीं करेगी। इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली बार्टी ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा," नहीं मेरा वापसी का कोई इरादा नहीं है। मैंने जो हासिल करना था कर लिया है।" बार्टी ने तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं और वहां 121 सप्ताह तक विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही हैं। उन्होंने ब्रिसबेन हीट की तरफ से पेशेवर क्रिकेट भी खेला है और वह गोल्फ में खेलती रही हैं। इससे कयास लगाए जा रहे थे कि टेनिस छोड़ने के बाद वह किसी अन्य खेल में हाथ आजमा सकती हैं।

## चौरसियां, संधू और कोचर मोरक्को में संयुक्त 32वें स्थान पर

रबात (मोरक्को), 7 नवंबर। एशियाई टूर पर छह बार के विजेता एसएसपी चौरसिया सहित तीन भारतीय यहां 15 लाख डॉलर इनामी अंतरराष्ट्रीय सीरीज मोरक्को गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 32वें स्थान पर रहे। चौरसिया (74) के अलावा अजितेष संधू (72) और करणदीप कोचर (71) का भी कुल स्कोर दो ओवर रहा। अन्य भारतीयों में गगजीत भुल्लर (74) और विराज मादप्पा (74) संयुक्त 40वें स्थान पर रहे जबकि अमन राज (76) ने संयुक्त 47वां स्थान हासिल किया।

## देसवाल चमके, जयपुर पिंक पैंथर्स ने यू मुंबा को हराया

पुणे, 7 नवंबर। रेडर अर्जुन देसवाल के शानदार प्रदर्शन से जयपुर पिंक पैंथर्स ने सोमवार को यहां प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा को 42-39 से हरा दिया। देसवाल ने 15 रेड अंक बनाए। अंकुश ने पांच टैकल अंक जुटाकर उनका अच्छा साथ निभाया जिससे जयपुर की टीम कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही। पिंक पैंथर्स ने शानदार शुरुआत करते हुए जल्द ही यू मुंबा को ऑल आउट करके 9-1 की बढ़त बनाई। यू मुंबा की टीम वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर करने में सफल रही।

# सेमीफाइनल के लिए अंतिम एकादश में बदलाव कर सकते है राहुल द्रविड़

**हम एडिलेड जाएंगे और वहां की पिच का मुआयना करेंगे। हमने वहां कुछ मैच देखें हैं और हम जानते हैं कि विकेट धीमा है। हमें एक अलग पिच मिल सकती है। बंगलादेश के खिलाफ जिस पिच पर हमने मैच खेले उस विकेट पर स्पिनर्स को ज्यादा फायदा नहीं मिला, इसके बावजूद हम वहां जाएंगे और विकेट देखने के बाद फैसला करेंगे कि इस विकेट के साथ हम टीम के लिए क्या कर सकते हैं।**



मेलबर्न, 7 नवंबर। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया है कि वह आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सेमीफाइनल के लिए अंतिम एकादश में बदलाव करने पर विचार करेंगे।

भारत ने रविवार को सुपर 12 चरण के आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को 71 रन से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। भारत ने इस जीत के साथ यह सुनिश्चित किया कि वह अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहे और एडिलेड में 10 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करे।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, द्रविड़ ने कहा कि वह सेमीफाइनल मैच के लिए अंतिम एकादश का चयन पिच देखे बिना नहीं करेंगे। आईसीसी ने द्रविड़ के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि हम अपने सभी 15 खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं। हमें पता है कि जो कोई भी टीम में आता है, वह संभावित रूप से हमें कमजोर नहीं बनाएगा। द्रविड़ ने कहा, हम एडिलेड जाएंगे और वहां की पिच का मुआयना करेंगे। हमने वहां कुछ मैच देखें हैं और हम जानते हैं कि विकेट धीमा है। हमें एक अलग पिच मिल सकती है। बंगलादेश के खिलाफ जिस पिच पर हमने मैच खेले उस विकेट पर स्पिनर्स को ज्यादा फायदा नहीं मिला, इसके बावजूद हम वहां जाएंगे और विकेट देखने के बाद फैसला करेंगे कि इस विकेट के साथ हम टीम के लिए क्या कर सकते हैं। इस मैच से पहले अक्षर पटेल की फॉर्म द्रविड़ के लिये चिंता का विषय है। वामहस्त ऑलराउंडर ने इस टूर्नामेंट के चार मैचों में सिर्फ तीन विकेट लिये हैं, जबकि बल्ले से उनका सर्वाधिक स्कोर सात रन रहा है। एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ अक्षर ने एकमात्र ओवर में 21 रन दिए, जबकि रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ 3.2 ओवर में 40 रन देकर वह एक बार फिर महंगे साबित हुए हैं। ऐसे में अक्षर की जगह लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है।

द्रविड़ ने कहा कि अक्षर की फॉर्म उनकी टीम के लिए थोड़ी चिंता का विषय है, लेकिन उन्होंने टीम में लंबे समय तक अच्छा योगदान दिया है। द्रविड़ ने कहा, कुछ मैचों में (यह एक चिंता का विषय है), लेकिन उनके कई मैच अच्छे भी रहे हैं। यह इस टूर्नामेंट और इस प्रारूप की प्रकृति है। उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ मैच में बारिश से ठीक एक अच्छा ओवर फेंका। उन्होंने कहा, यह इस प्रारूप में हो सकता है। मैं चिंतित नहीं हूं। हां, आज (ज़िम्बाब्वे के खिलाफ) उनका दिन बेहतर हो सकता था, लेकिन वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिसने पिछले समय में हमारे लिए अच्छी गेंदबाजी की है। अनुभवी विकेटकीपर दिनेश कार्तिक भी सेमीफाइनल के लिये टीम में वापसी कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को मौका दिया गया था जो तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। द्रविड़ ने कहा कि वह एडिलेड की पिच देखने के बाद ही प्लेइंग इलेवन पर फैसला करेंगे।

## ताशकंद रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के साथ पुरुषों की 2023 विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा

नई दिल्ली, 7 नवंबर। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ( आईबीए) के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने सोमवार को घोषणा की कि मई में ताशकंद में होने वाली 2023 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में पदक विजेताओं को रिकॉर्ड पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। अगले साल एक से 14 मई तक उज्बेकिस्तान की राजधानी में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पिछले सत्र की तुलना में दोगुनी इनामी राशी दी जाएगी। क्रेमलेव ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "इतिहास में पहली बार हमारे पास 52 लाख अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि होगी। पहले स्थान पर रहने वाले मुक्केबाज को दो लाख अमेरीकी डॉलर, दूसरे स्थान के लिए एक लाख अमेरीकी डॉलर और प्रत्येक कांस्य पदक विजेता को 50 हजार अमेरिकी डॉलर दिए जाएंगे।" खेल को हालांकि बड़ा झटका लगा है क्योंकि मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स में 2028 के ओलंपिक के लिए शुरुआती खेलों की सूची से बाहर कर दिया गया है। क्रेमलेव को लगता है कि अगर इस खेल को लॉस एंजिल्स खेलों से बाहर कर दिया जाता है तो मुक्केबाजी समुदाय चुप नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, "हम अपनी संख्या बढ़ा रहे हैं। मुक्केबाजी को चाहने वालों की संख्या करोड़ों में है। एक अरब से अधिक लोग मुक्केबाजी को पसंद करते हैं। मेरी राय में अगर वे मुक्केबाजी को ओलंपिक से बाहर करने की कोशिश करेंगे तो कोई भी चुप नहीं रहेगा।" प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद गत विश्व चैंपियन निकहत जरीन ने कहा, "आईबीए मेरा घर है। एक खिलाड़ी के रूप में, मैं यहां अपने मुक्केबाजी परिवार में सुरक्षित महसूस करती हूं। इस जीत के लिए मुझे मिली पुरस्कार राशि के लिए मैं आईबीए की आभारी हूं। मैं इसके साथ हैदराबाद में एक घर खरीदने जा रही हूं।"

## श्रीलंका क्रिकेट ने गुणथिलाका को निलंबित किया

कोलंबो, 7 नवंबर। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तारी के बाद क्रिकेटर दनुष्का गुणथिलाका को खेल के सभी प्रारूपों से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएलसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा, श्रीलंका क्रिकेट की कार्यकारी समिति ने राष्ट्रीय खिलाड़ी दनुष्का गुणथिलाका को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया में एक महिला के यौन उत्पीड़न के आरोप में गुणथिलाका को गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिलने के बाद उन पर किसी भी चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। बयान में कहा गया, इसके अलावा श्रीलंका क्रिकेट कथित अपराध की तुरंत जांच करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। ऑस्ट्रेलिया में उपरोक्त अदालती मामले के निष्कर्ष पर दोषी पाए जाने पर उक्त खिलाड़ी को दंडित करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि गुणथिलाका को सिडनी में कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## हर कोई भारत और पाक के बीच फाइनल देखना चाहेगा : वॉटसन

सिडनी, 7 नवंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के दौरान रोमांच अपनी पराकाष्ठा पर होता है और यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन इन दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच टी20 विश्व कप का खिताबी मुकाबला देखना चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान ग्रुप चरण में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर एक दूसरे का सामना कर चुके हैं जिसमें विराट कोहली ने टी20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक पारी खेली थी। अब यह दोनों टीमें सेमीफाइनल में जगह बना चुकी हैं और ऐसे में भारत और पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबले के कयास लगाए जा रहे हैं।

भारत गुरुवार को एडिलेड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा जबकि पाकिस्तान का मुकाबला सिडनी में इससे एक दिन पहले न्यूजीलैंड से होगा। प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वॉटसन ने कहा," हर कोई पाकिस्तान और भारत को फाइनल में देखना पसंद करेगा। मैं दुर्भाग्य से एमसीजी में सुपर 12 के उस मैच को नहीं देख पाया था क्योंकि मैंने उससे पहले ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के मैच की कमेंट्री की थी।"

उन्होंने कहा," लेकिन मैंने जो रिपोर्ट पढ़ी और उस मैच को देखने वाले लोगों से सुना, उनके अनुसार यह मैच विशेष था और इसे टीवी पर देखने का भी अलग आनंद था। वे 2007 में टी-20 विश्वकप के फाइनल में खेले थे और हर कोई उन्हें फिर से फाइनल में खेलता हुआ देखना पसंद करेगा।"

## कतर के कानूनों से घबरा रहे फुटबॉलर

पेरिस, 7 नवंबर। कतर में 20 नवंबर से शुरू होने वाले फुटबॉल के महाकुंभ फीफा विश्व कप की तैयारियां जारी हैं। स्टेडियम पूरी तरीके से सजाए चुके हैं और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए होटल मैं पक्के इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बीच फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और महासचिव फातमा समौरा ने टीमों से अपील की है कि वे कतर में होने वाले विश्व कप 2022 के दौरान फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही हर तरह की वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई में न उलझें। फीफा ने विश्व कप 2022 की टीमों को एक पत्र लिखा है जिसके अनुसार फुटबॉल को वैचारिक या राजनीतिक लड़ाई में घसीटने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। हमें तमाम तरह की नैतिकता आदि की बहस में उलझने की बजाय प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित करने का आठाह किया है।

बता दें कि फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो और संगठन के महासचिव फातमा समौरा ने टूर्नामेंट के दौरान एथलीटों के लिए के सिक्योरिटी की बढ़ती मांग के जवाब में यह पत्र लिखा है। खाड़ी देश में बुनियादी ढांचे का निर्माण करने वाले कम वेतन वाले प्रवासी मजदूरों के दुख की बातें और सेम सेक्स संबंधी मामलों को क्राइम बताने वाले कानूनों की वजह से फीफा विश्वकप 2022 प्रभावित हुआ है। इन्फेंटिनो और समौरा ने लेटर लिखा कि कृपया अब फुटबॉल पर ध्यान दें। स्काई स्पोर्ट्स ने यह लेटर सार्वजनिक किया है। फीफा ने लेटर के माध्यम से कहा है कि हम जानते हैं कि दुनियभर में कई तरह का पॉलिटिकल चुनौतियां हैं और फुटबॉल भी उससे अछूता नहीं है। विश्व फुटबॉल संगठन ने टीमों से यह अपील की है कि फुटबॉल को इन वैचारिक और राजनैतिक लड़ाई में घसीटने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। कतर में कानून कितने कड़े हैं कि सभी खिलाड़ी वहां के कानूनों से डरे हुए हैं।

## भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से बाहर रह सकते है चोटिल मलान

एडिलेड, 7 नवंबर। इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने कहा है कि उनके साथी और बाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान भारत के खिलाफ यहां 10 नवंबर को होने वाले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं।

बीबीसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। विश्व के पूर्व नंबर एक टी20 बल्लेबाज मलान को श्रीलंका के विरुद्ध इंग्लैंड के आखिरी सुपर-12 मैच के दौरान ग्रोइन की चोट आई थी। मलान ने चोट की वजह से बल्लेबाजी भी नहीं की थी। इस मैच में इंग्लैंड ने चार विकेट की जीत दर्ज की थी।

बीबीसी ने मोईन के हवाले से कहा, जाहिर तौर पर मलान एक बड़े खिलाड़ी हैं। कई वर्षों से वह हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। मुझे नहीं पता, लेकिन सच कहूं तो स्थिति बहुत अच्छी नहीं लग रही है। कल उनका स्कैन हुआ था। हम अभी बहुत कुछ नहीं जानते हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि स्थिति बहुत अच्छी है।

मोईन ने कहा यदि मालन भारत के खिलाफ नहीं खेलते तो फिलिप साल्ट एकादश में उनकी जगह ले सकते हैं। बल्लेबाजी क्रम में हालांकि नंबर तीन की भूमिका निभाने के लिए बेन स्टोक्स पसंदीदा खिलाड़ी हैं।

# आईसीसी ने कोहली को चुना अक्टूबर का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, 7 नवंबर। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अक्टूबर में शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आईसीसी की ओर से महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीत लिया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोहली ने अपने करियर में पहली बार यह खिताब जीतने के लिये ज़िम्बाब्वे के सिकंदर रज़ा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर को पछाड़ा। भारत के 33 वर्षीय बल्लेबाज ने इस माह के दौरान केवल चार मैच खेलकर क्रिकेट जगत को तीन यादगार पारियां दीं, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप में खेली गई 82 रन की पारी भी शामिल है।



कोहली ने 23 अक्टूबर को टी20 विश्व कप 2022 में भारत के पहले मुकाबले में 53 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की बदौलत नाबाद 82 रन की करिश्माई पारी खेलकर पाकिस्तान से जीत छीन ली थी। पाकिस्तान ने भारत को 160 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे भारत ने आखिरी गेंद पर हासिल किया। एक समय भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 31 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे, लेकिन कोहली ने हार नहीं मानी और हार्दिक पांड्या (40) के साथ 113 रन की साझेदारी कर भारत को विजय की दहलीज तक पहुंचाया। कोहली ने मैच के बाद यह भी स्वीकार किया कि यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी थी।

कोहली ने आईसीसी की ओर से पुरस्कार मिलने के बाद कहा, मेरे लिए अक्टूबर का आईसीसी सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना जाना बहुत सम्मान की बात है। दुनियाभर के प्रशंसकों और पैनल द्वारा चुने जाना इस पुरस्कार को और भी खास बना देता है। कोहली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से पहले गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टी20 मैच में 28 गेंदों पर नाबाद 49 रन बनाये थे। इसके बाद उन्होंने टी20 विश्व कप में नीदरलैंड पर भारत की जीत में भी 44 गेंदों पर 64 रन का योगदान दिया था।

कोहली ने कहा, मैं अन्य नामांकित व्यक्तियों को बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने महीने के दौरान इतना अच्छा प्रदर्शन किया और मेरे साथियों को भी, जो मेरी क्षमता के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मेरा समर्थन करना जारी रखते हैं। वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर और पुरस्कार देने वाले पैनल के सदस्य डेरेन गंगा ने कहा, कोहली सर्वोत्कृष्ट बल्लेबाज हैं। उन्होंने बल्ले से एक खराब दौर से उबरने के लिए अपार क्षमता दिखाई। अक्टूबर में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 49 रन बनाने के बाद टी20 विश्व कप में दो अर्धशतक जड़े। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ उस शानदार पारी को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ टी20 अंतरराष्ट्रीय पारियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। मैंने इसे मेलबर्न में लाइव देखा और इस तरह की स्थिति में ऐसा प्रदर्शन करने की क्षमता महान खिलाड़ियों में ही होती है।

## अदालत ने बलात्कार के आरोपी गुणथिलका को जमानत देने से इंकार किया

सिडनी, 7 नवंबर। टी20 विश्व कप के दौरान एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किए गए श्रीलंकाई क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका को सोमवार को एक स्थानीय अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया।

गुणतिलका ने स्थानीय अदालत के सरी हिल्स विभाग में एक वीडियो लिंक के जरिए सुनवाई में भाग लिया। इकतीस वर्ष के गुणतिलका को रविवार को तड़के गिरफ्तार किया गया था। दो नवंबर को एक महिला के कथित यौन उत्पीड़न के मामले की जांच के बाद यह कार्रवाई की गई।

'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' की रिपोर्ट के अनुसार सुनवाई में वर्चुअल उपस्थिति के दौरान गुणतिलका को हथकड़ी पहनाई गई थी। उसने सफेद रंग की टीशर्ट और नीली जींस पहन रखी थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके वकील आनंद अमरनाथ ने सुनवाई के दौरान जमानत की अर्जी दी थी लेकिन मजिस्ट्रेट रॉबर्ट विलियम्स ने जमानत देने से इनकार कर दिया। रिपोर्ट में अमरनाथ के हवाले से कहा गया है," निश्चित तौर पर हम सुप्रीम कोर्ट में याचिका डालने पर विचार कर रहे हैं और यह जितना संभव हो उतनी जल्दी किया जाएगा। निश्चित तौर पर वह निराश होगा।"

अमरनाथ ने कहा की वह जानते हैं कि उनकी टीम के कुछ अधिकारी अभी ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि गुणतिलका का ऑस्ट्रेलिया में परिवार नहीं है। गुणतिलका पहले दौर में नामीबिया के खिलाफ खेला था और वह खाता खोले बिना आउट हो गया था। इसके बाद वह चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। श्रीलंकाई टीम ने सुपर 12 चरण के लिये क्वालीफाई किया लेकिन गुप एक में चौथे स्थान पर रही। स्थानीय मीडिया के अनुसार गुणतिलका और महिला ऑनलाइन डेटिंग ऐप के जरिए पिछले कई दिनों से एक दूसरे के संपर्क में थे। इस खिलाड़ी को स्थानीय समयानुसार तड़के एक बजे सिडनी के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। उस समय श्रीलंका की टीम स्वदेश जाने के लिए छह बजे की उड़ान पकड़ने के लिए हवाई अड्डा रवाना होने की तैयारी कर रही थी।

श्रीलंका सरकार ने श्रीलंका क्रिकेट को तत्काल जांच करने के आदेश दिए हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने भी स्पष्ट किया कि यदि इस खिलाड़ी को दोषी पाया जाता है तो वह उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। गुणतिलका का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले 2021 में इंग्लैंड दौरे में अपने साथी कुसाल मेंडिस और निरोशन डिकवेला के साथ टीम के जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन करने के कारण श्रीलंका बोर्ड ने उसे एक साल के लिए निलंबित कर दिया था।

# रबर बॉल से विकेट के पीछे खेलना सीखा : सूर्यकुमार

एडिलेड, 7 नवंबर। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने सोमवार को बताया कि उन्होंने बचपन में रबर बॉल से खेलते हुए विकेट के पीछे शॉट लगाना सीखा है। सूर्यकुमार ने बीसीसीआई की ओर से जारी एक वीडियो में अश्विन के साथ बातचीत में कहा, मैं अपने शुरुआती दिनों में दोस्तों के साथ घर के पास रबर की गेंद से क्रिकेट खेलता था। वह 17-18 गज की पिच पर दौड़कर रबर की गीली गेंद फेंका करते थे। यह शॉट वहीं से आए हैं, मैं नेट में इनका अभ्यास नहीं करता।

सूर्यकुमार ने ज़िम्बाब्वे के खिलाफ भारत के आखिरी सुपर-12 मुकाबले में भी अपनी चौतरफा बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों पर 61 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे।

सूर्यकुमार ने कहा, सामने की बाउंड्री 80-85 मीटर की होती हैं। यहां (ऑस्ट्रेलिया में) दाएं-बाएं की बाउंड्री भी करीब 70 मीटर की हैं। सिर्फ विकेट के पीछे ही 60-65 मीटर की छोटी बाउंड्री है। मैं इसके साथ प्रयोग करने का प्रयास करता हूं।

उन्होंने कहा, मैं प्रारूप के अनुसार खेलने का प्रयास करता हूं। यह आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैं कोशिश करता हूं कि हर गेंद पर रन बना सकूं। अगर मुझे पहली ही गेंद पर अवसर मिले तो मैं रन बनाने की कोशिश करूंगा। यह सूर्यकुमार का पहला ऑस्ट्रेलियाई दौरा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी इस सत्य को नकारती है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों और उछाल भरी पिचों पर जहां कई बल्लेबाज रन बनाना भूल जाते हैं, वहीं सूर्यकुमार पांच मैचों में 75 की औसत से 225 रन बना चुके हैं, जिसमें तीन अद्धर्शतक शामिल हैं। सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया में खेलने के बारे में कहा, घर पर (भारत में) मैंने बड़े मैदानों पर खेलना पसंद किया है। हम जब वानखेड़े में प्रयास करते हैं तो वहां की पिचों पर भी अच्छा उछाल होता है। पिच क्यूरेटर अभ्यास के लिये तेज पिचे बनाते हैं। हां, वहां के मैदान इतने बड़े नहीं हैं, लेकिन मैं उछाल भरी पिचों पर खेलना पसंद करता हूं। यह मेरे लिये परेशानी का कारण नहीं रहा है।



सूर्यकुमार ने जहां तेजी से रन बनाकर मध्य ओवरों में भारतीय पारी को गति प्रदान की है, वहीं उन्होंने टूर्नामेंट में कुछ अच्छे कैच भी लपके हैं। उन्होंने बंगलादेश के खिलाफ भारत की पांच रन की जीत में अफ़ीफ़ हुसैन का कैच लपका था, जबकि ज़िम्बाब्वे के विरुद्ध मुकाबले में सूर्यकुमार ने सिकंदर रज़ा को कैच आउट किया।

सूर्यकुमार ने अश्विन के एक सवाल के जवाब में कहा, जब हम अभ्यास सत्र के लिये जाते हैं तो फ्लडलाइट्स के नीचे कैच पकड़ने की कोशिश करते हैं। हम फील्डिंग कोच के साथ काफी समय बिताते हैं जो मैच के दौरान फायदेमंद साबित होता है।

विराट कोहली (246) के बाद टी20 विश्व कप 2022 में भारत के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाले सूर्यकुमार ने सेमीफाइनल तक के सफर में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का सामना गुरुवार को एडिलेड ओवल में इंग्लैंड से होगा।

## इंग्लैंड के खिलाफ 'एक्स फैक्टर' पंत को भारतीय टीम में देखना चाहते हैं शास्त्री

मेलबर्न, 7 नवंबर। भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में टीम विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को लेकर उतरे जो छोटी बाउंड्री वाले एडीलेड ओवल पर टीम का 'एक्स फैक्टर' साबित होंगे । भारतीय टीम बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से खेलेगी । पूर्व कोच का मानना है कि पंत 'मैच विनर' है और फिनिशर की भूमिका बखूबी निभा सकता है। पंत ने इस टूर्नामेंट में एकमात्र मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला और तीन रन पर आउट हो गए। शास्त्री ने स्टार स्पोटर्स से कहा ," दिनेश (कार्तिक) टीम का खिलाड़ी है लेकिन इंग्लैंड या न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण को देखते हुए आपको आक्रामक खब्बू बल्लेबाज की जरूरत है ।"

उन्होंने कहा, उसने इंग्लैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है और हाल ही में वनडे मैच जिताया है। मैं पंत को चुनूंगा क्योंकि वह सेमीफाइनल में एक्स फैक्टर साबित हो सकता है ।" शास्त्री ने कहा, "एडीलेड में बाउंड्री छोटी है और बायें हाथ का बल्लेबाज काफी उपयोगी साबित हो सकता है। दाहिने हाथ के बहुत सारे बल्लेबाज होने से विविधता नहीं रह जाती । इंग्लैंड के पास अच्छा आक्रमण है और ऐसे में खब्बू बल्लेबाज उपयोगी साबित होगा।'



*वर्ष 2018 में जब लॉस एंजलिस के पश्चिम में वूलसी वाइल्डलाइफ फायर का आतंक फैला तो वहाँ रहने वाली कई नाम चीन हस्तियों को बचाकर निकाला गया। इनमें से माइली सायरस, जैरार्ड बटलर और नील यंग जैसी हॉलीवुड हस्तियों के घर तो पूरी तरह जल गए थे। चार साल बाद इनमें से अधिकांश हस्तियाँ फिर से अपने पैरों पर खड़ी हो गई हैं, पर यहां के कई निवासी अब भी उस आग का दुष्परिणाम झेल रहे हैं, इनमें प्रमुख हैं कूगर। लॉस एंजलिस (एल.ए.) के आस-पास माउन्टेन लायन (कूगर) को ट्रैक कर रहे वैज्ञानिकों ने पाया कि, पहले से ही जगह की कमी झेल रहे और परिणामस्वरुप सड़कों पर आवागमन के लिए बाध्य इन बड़े जानवरों ने वूलसी फायर के बाद और अधिक खतरे उठाने शुरु कर दिए हैं। वैज्ञानिकों ने जी.पी.एस. कॉलर्स की मदद से सैंटा मोनिका पहाड़ियों में लगी आग से पहले और बाद की, कूगर की गतिविधियों की तुलना की तो पता चला कि इन जानवरों ने आधे से ज्यादा अपने वो पूर्व आवास त्याग दिए हैं जहां आग लगी थी। इस घटना के बाद से ये अब और ज्यादा खतरा उठाने लगे हैं, जैसे हाइवे क्रॉस करना, दिन दहाड़े खुले आम घूमना आदि। इससे, इन जानवरों के दुर्घटना ग्रस्त होने और मरने का खतरा बढ़ गया है। विश्व के बड़े शहरों में सिर्फ एल.ए. और मुम्बई ही हैं, जहां बिगकैट्स शहर की सीमा के भीतर रहते हैं। नैशनल पार्क सर्विस व इसके सहयोगी दो दशकों से कैलिफोर्निया की सैंटा मोनिका पहाड़ियों के आस-पास तथा सैंटा सुज़ैनास व सैंटा एना में रहने वाले कूगर का अध्ययन कर रहे हैं। लगभग 1.8 करोड़ लोगों के समीप रहना वैसे भी कूगर के लिए गंभीर खतरा है। सैंटा मोनिका पहाड़ियों का एक क्षेत्र, जो यू.एस. हाइवे 101 के दक्षिण में है, वहां 8 नर कूगर रहते हैं, जबकि यह क्षेत्र एक या दो कूगर के रहने योग्य ही है। ऐसी छोटी जगहों में कूगर का आपसी टकराव बहुत बड़ा खतरा है और अल्प वयस्क कूगर की मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। यहाँ पर पूर्ण वयस्क कूगर द्वारा वयस्क मादा व उसके शावकों को मार डालने की कई घटनाएं हुई हैं। भारी यातायात वाली सड़कों की वजह से इनके प्राकृतिक आवास विखंडित हैं। अगर यही स्थिति जारी रही तो स्थानीय आबादी लुप्त हो जाएगी। एक शोध में सैंटा मोनिका व सैंटा एना पहाड़ियों के कूगर में अन्तः प्रजनन के चिंताजनक संकेत भी मिले, जिसकी वजह से कुछ कूगर में विकृतियां पाई गई हैं। नई रिसर्च के अनुसार वूलसी फायर ने पहले से संकट ग्रस्त कूगर आबादी के लिए संकट और बढ़ा दिया है।*

# 'कोटपूतली नगर परिषद के अफसरों के खिलाफ कार्यवाही क्यों ना की जाये?'

## राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद द्वारा बिना नोटिस दिये मकान और दुकान को ध्वस्त करने से जुड़ी एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा से जवाब तलब किया

जयपुर, 7 नवम्बर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में कोटपूतली नगर परिषद द्वारा सरदार स्कूल रोड के पास शनि मंदिर के समीप की दुकानों और मकानों में तोड़फोड़ करने से संबंधित एक मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश एम.एन. श्रीवास्तव तथा मनोज भारवानी की खंडपीठ ने कोटपूतली नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा को नोटिस जारी किये हैं और उनसे जवाब मांगा है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही क्यों ना की जाये?

इस मामले में याचिकाकर्ता हरि प्रसाद शर्मा की ओर से अधिवक्ता अर्चित बोहरा पेश हुए।

याचिकाकर्ता का कहना है कि दिसम्बर माह में तत्कालीन नगर पालिका ने उसे व कई अन्य को नोटिस दिया था कि सड़क पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को हटा लिया जाये, जबकि याचिकाकर्ता ने कभी भी किसी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया और अपने ही स्वामित्व की जमीन पर काबिज था।

फिर भी याचिकाकर्ता का मकान नगर पालिका ने अगस्त में बिना नोटिस दिए 25 फीट तक तोड़ दिया और इसमें कानूनी प्रक्रिया का पालन भी नहीं किया गया।

- **जैसा कि विदित है कि हाईकोर्ट ने 25 फरवरी को याचिकाकर्ता को राहत देते हुए नगर परिषद को आदेश दिये थे कि वह एक माह में संबंधित पार्टियों को नोटिस दे और उनकी आपत्तियों की सुनवाई करे तथा उसके बाद ही कोई कार्यवाही करे।**
- **याचिकाकर्ता का कहना है कि, नगर परिषद ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार कोई भी नोटिस नहीं दिये और अगस्त माह में उनका घर 25 फीट तक तोड़ दिया।**

याचिकाकर्ता ने जनवरी माह में नगर परिषद द्वारा जारी नोटिस के खिलाफ भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था क्योंकि प्रशासन ने ऐसा माहौल बनाया हुआ था कि उक्त क्षेत्र में कई मकानों का ध्वस्त किया जाएगा।

इसी मामले में याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष भी अपील दायर की थी ताकि उन्हें नगर परिषद द्वारा किसी भी कार्यवाही के खिलाफ अंतरिम सुरक्षा के रुप में स्टे मिल सके।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 25 फरवरी 2022 को याचिकाकर्ता को राहत देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता तथा अन्य संबंधित मामलों में नगर परिषद नये नोटिस जारी करे और एक माह में उनकी आपत्तियां सुनकर उनका निस्तारण करके ही आगे कोई कार्यवाही करे।

अदालत ने कहा था कि सभी संबंधित मामलों में दुकानदारों व मकान मालिकों को नगर परिषद के किसी भी फैसले को हाईकोर्ट के समक्ष चुनौती देने के लिये 15 दिन का समय भी दिया जाता है।

याचिकाकर्ता हरिप्रसाद शर्मा का कहना है कि नगर परिषद ने हाईकोर्ट के 25 फरवरी को दिये गये फैसले की अवहेलना करते हुए उन्हें कभी कोई नोटिस नहीं दिया और ना ही सुनवाई की और उनके मकान को 25 फीट अंदर तक तोड़ दिया। जिसकी अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किये।

## जालोर में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

विभिन्न भागों से प्रवासी पक्षियों का भारत की और आना प्रारंभ होता है। हजारों किलोमीटर की लंबी दुर्गम सुदूर यात्रा कर यह पक्षी भारत आते हैं।

तालाब पानी के आस-पास रहने वाली कई पक्षी-प्रजातियाँ केवल छिछले पानी में पाई जाती हैं। इस दृष्टि से सुन्देलाव तालाब अत्यंत अनुकूल है। तालाब के कई हिस्सों में आधा फुट से कम पानी है। ऐसे हिस्सों को वैटलैंड भी कह सकते हैं। इसलिए, इसके आस-पास पर्याप्त जैव-विविधता है। अमूर फाल्कन का अपनी यात्रा के दौरान यहाँ रूकना एक शुभ संकेत है। तालाब का प्राकृतिक स्वरूप बनाए रखने के लिए इसे कचरे और मानवीय हस्तक्षेप से बचाने की आवश्यकता है।

## तेलंगाना के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रवृत्ति भी दिखाई दी है कि भाजपा ऐसा कोई उपचुनाव नहीं जीत पाई है, जो उसने राज्य पर जबरदस्ती थोपा है। इस विधानसभा सीट के कांग्रेस विधायक से भाजपा ने पार्टी तथा इस सीट से इस्तीफा दिलाकर, यह सीट खाली कराई थी। इस प्रकार, यह चुनाव वस्तुतः राज्य पर भाजपा द्वारा थोपा गया चुनाव था तथा टी.आर.एस. ने भाजपा के इस षडयंत्र को जनता के सामने खोलकर रख दिया था। लेकिन भाजपा इस रूप में जरूर अपनी योजना में कामयाब रही कि उसने कांग्रेस के इस ताकतवर विधायक को उससे दूर करके, पहले ही कमजोर हो चुकी कांग्रेस को और भी कमजोर कर दिया।

भाजपा की चालाकी और चालबाजी का उसी की भाषा में जवाब देने के लिये, टी.आर.एस. ने भी एक खेल खेला। उसने अपने विधायकों को कथित रूप से खरीदे जाने का आरोप भाजपा पर लगा डाला तथा इस प्रकार इस उपचुनाव में, अवधारणा निर्मित करने की युक्ति और लड़ाई भी अस्तित्व में आई।

टी.आर.एस. और तेलंगाना सरकार ने अपनी पूरी ताकत प्रचार-प्रसार एवं दुष्प्रचार में लगाते हुये, भाजपा पर सीधे प्रहार किये तथा चुनाव से एक दिन पूर्व राजनैतिक स्टंट और धन बल के खुले खेल के सहारे इस उपचुनाव में, मामूली अंतर से ही सही, कामयाबी हासिल कर ली।

10,000 वोटों के मामूली अंतर से मिली इस जीत में, कांग्रेस का बड़ा योगदान रहा। कांग्रेस को महसूस हो गया गया था कि वह इस सीट को जीतने की स्थिति में नहीं है तथा इसलिये अपना ध्यान भाजपा को हराने पर अपने दलबदलू नेता, भाजपा प्रत्याशी राजगोपाल रेड्डी को सबक सिखाने पर ध्यान केन्द्रित किया।

जहाँ तक सत्तारूढ़ टी.आर.एस. का प्रश्न है, मुनुगोड उपचुनाव का परिणाम उसे झकझोर कर जगाने का काम करेगा।

यह परिणाम साफ इशारा कर रहा है कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा आम चुनावों में होने वाली लड़ाई किस किस्म की तथा किस रूप में होगी। उन चुनावों में, टी.आर.एस. को एक कृत संकल्प भाजपा से लड़ना होगा, जो राज्य में दिन-पर-दिन आगे बढ़ती जा रही है।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

"भेदभाव के संवैधानिक रूप से निषिद्ध स्वरूपों" के समान है।

कापू, जाट, मराठा या पाटीदार सहित विभिन्न समुदायों की आरक्षण की माँगे अब तक इसी आधार पर खारिज की जाती रही है कि 50 प्रतिशत कोटा की सीमा का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। आने वाले दिनों में, इन माँगों के पुर्नजीवित संभावना है।

ब्रिटिश शासनकाल में भी एस.सी./एस.टी. को उनकी जनसंख्या के अनुपात के अनुरूप आरक्षण दिया जाता था। लेकिन मंडल आयोग की सिफारिशों के अनुसार, ओ.बी.सी. को केवल 27 प्रतिशत आरक्षण ही दिया गया, जबकि अनधिकृत अनुमानों के अनुसार, ओ.बी.सी. भारत की कुल जनसंख्या के 50 प्रतिशत से ज्यादा है।

- **पर, जैसा कि, माना जाता है, असल में ओ.बी.सी. समुदाय की जनसंख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा है, अतः अगर जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देना तय किया जायेगा, तो ओ.बी.सी. को ही शिक्षा व रोजगार में दिया जा रहा 27 प्रतिशत का आरक्षण बढ़ाने की मांग जोरों से उठेगी।**

स्वतंत्र भारत में, जातिगत जनगणना जैसी कोई चीज नहीं हुई। अंतिम जातिगत गणना बहुत पहले 1931 में हुई थी।

सर्वोच्च न्यायालय के आज के फैसले के साथ ही, इस बात की पूरी संभावना है कि ओ.बी.सी. नेता एवं समुदाय, अपनी जनसंख्या के हिसाब से शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिये जाने की माँग के आंदोलन पुनः शुरु एवं तेज कर देंगे। सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपनी अर्ज़ी में, केन्द्र सरकार ने ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी की संख्या का अनुमान तथा ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी के आरक्षण के पात्र लोगों के बारे में तय की गई अपनी रणनीति के बारे में जानकारी नहीं दी है। इसलिये, ई.डब्ल्यु.एस. श्रेणी की आरक्षण-व्यवस्था के क्रियान्वयन में समस्या होने की संभावना है।

## 50 पाक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पचास लोगों का एक जत्था कल रात जम्मू तवी एक्सप्रेस के जरिये बड़ी संख्या में पाक विस्थापितों के पहुंचने की सूचना मिलते ही सीआईडी की एक टीम रेलवे स्टेशन पहुंच गई। इस टीम ने सभी को एक तरफ बैठा दो घंटे तक पूछताछ की। इस पूछताछ में सामने आया कि ये लोग पाकिस्तान से धार्मिक वीजा के आधार पर वाघा बॉर्डर से अटारी पहुंचे। अटारी से हरिद्वार जाने के बजाय ये लोग सीधे जोधपुर आ गए। जोधपुर पहुंचने के पीछे इनका तर्क है कि ये लोग यहां पर रहने के लिए आए है। सिर्फ धार्मिक वीजा के नाम पर ही आने की अनुमति मिलती है। ऐसे में इस अनुमति के आधार पर भारत में प्रवेश कर ये लोग जोधपुर आ गए। पाक विस्थापित एक वाहन में सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां चले गए।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में बरसों से धार्मिक उत्पीड़न का शिकार होने वाले पाक हिन्दू भारत आना चाहते है, लेकिन वीजा मिलना इतना आसान नहीं होता।

भारत में प्रवेश करने के बाद हरिद्वार के अलावा अन्य किसी भी शहर में जाने के लिए एडिशनल वीजा लेना पड़ता है। एडिशनल वीजा मिलने के बाद ही ये लोग उसमें दी गई अनुमति के आधार पर अन्य स्थान पर जा सकते है। इसके बाद ही इन लोगों को लॉग टर्म भारत में रहने का वीजा मिलता है, जिसके आधार पर बाद में तय शर्तें पूरी कर ये लोग भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते है।

बताया जा रहा है कि 36 पासपोर्ट धारकों का एक रिश्तेदार देचू के समीप एक खेत में काम करता है।

ये सभी लोग उसके पास गए है। अन्य 14 पासपोर्ट धारक जोधपुर में अपने एक रिश्तेदार के पास ठहरे है।

# आयकर छापे में तीन व्यापारियों के पास 70 करोड़ रू. की अघोषित संपत्ति मिली

बीकानेर, 7 नवम्बर (कासं)। बीकानेर जिले के तीन व्यापारियों के चालीस ठिकानों पर हुई छापेमारी की कार्रवाई में आयकर विभाग को करीब 70 करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है।

इसमें सर्वाधिक 52 करोड़ रूपये की अघोषित आय नोखा के श्रीनिवास झंवर के यहां मिली है। जबकि बीकानेर के व्यापारी जुगल राठी के यहां दस करोड़ और धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है। छानबीन पूरी होने के साथ ही अधिकारी वापस लौट गए हैं लेकिन जांच में ये अघोषित आय घट भी सकती है और बढ़ भी सकती है।

- **सबसे ज्यादा, 52 करोड़ रूपये नोखा के झंवर ग्रुप के पास मिले।**
- **बीकानेर के व्यापारी जुगल राठी के यहां दस करोड़ और धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित रकम मिली।**

आयकर विभाग के अधिकारियों ने चार दिन तक लगातार छापेमारी करते हुए रिकॉर्ड्स एकत्रित किए। इस दौरान बैंकों में लॉकर भी व घरों में यहां-वहां एक-एक कागज को खंगाला गया। तीनों व्यापारियों के करीब चालीस ठिकानों पर हुई कार्रवाई में अघोषित संपत्ति का पता लगाया गया। सबसे ज्यादा नोखा के व्यापारी श्रीनिवास झंवर के आवास व ऑफिस में मिला।

इस दौरान कई जमीनों के कागजात भी आयकर विभाग ने कब्जे में लिए हैं। वहीं नकद राशि, जेवरात भी रिकॉर्ड पर लिए गए हैं। श्रीनिवास झंवर और उनसे जुड़े दस लोगों के यहां रिकॉर्ड की छानबीन की गई। नोखा में इनकम टैक्स की कार्रवाई में ये सबसे बड़ी अघोषित आय मानी जा रही है।

बीकानेर के दो व्यापारियों जुगल राठी और धनपत चायल के यहां भी कार्रवाई पूरी हो गई है। दोनों व्यापारियों के घर और ऑफिस के अलावा उनसे जुड़े करीब तीस ठिकानों पर एक साथ सर्च शुरू की गई।

इस दौरान जुगल राठी के यहां दस करोड़ रूपये की अघोषित आय मिली है, जबकि धनपत चायल के यहां आठ करोड़ रूपये की अघोषित आय मिलने की सूचना है। आयकर विभाग ने दोनों व्यापारियों के यहां से जो कागजात लिए हैं, अब उनकी छानबीन की जायेगी।

# कांग्रेस पार्टी और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैण्डल पर प्रतिबंध लगा

बैंगलुरु, 7 नवम्बर। बैंगलुरु की एक अदालत ने कांग्रेस पार्टी और भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैण्डल को अस्थाई रुप से ब्लॉक करने का निर्देश दिया है। कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर केजीएफ चैप्टर 2 फेम एमआरटी म्यूजिक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिया। दरअसल कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा से संबंधित एक वीडियो तैयार किया था। म्यूजिक लेबल का दावा है कि, उनकी फिल्म के गानों का इस वीडियो के लिए इस्तेमाल किया गया है, जबकि इसके सभी म्यूजिक राइट्स उनके पास हैं।

बैंगुलुरु की एक कमर्शियल कोर्ट ने सोमवार को निर्देश दिया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके आंदोलन भारत जोड़ो यात्रा के ट्विटर हैंडल को अस्थाई रूप से ब्लॉक किया जाए। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि अगर साउंड रिकॉर्ड्स के अवैध इस्तेमाल को प्रोत्साहित किया गया तो इससे म्यूजिक लेबल को नुकसान होगा और बड़े पैमाने पर पाइरेसी को बढ़ावा मिलेगा।

- **फिल्म के.जी.एफ. चैप्टर-2 फेम म्यूजिक कंपनी ने कांग्रेस के खिलाफ बैंगलुरु की एक कर्मशियल कोर्ट में बिना इजाज़त के फिल्म का म्यूजिक एवं गाने इस्तेमाल करने की शिकायत की थी।**

कोर्ट ने आगे कहा, 'शिकायतकर्ता ने विशेष रूप से सीडी पेश की और अवैध रूप से इस्तेमाल किए गए गानों के संस्करण के साथ मूल गाने को दिखाया।

कोर्ट के समक्ष प्रथम दृष्टया यह स्थापित होता है कि अगर इसे बढ़ावा दिया जाता है तो वादी को सिनेमैटोग्राफी, फिल्मों, गीतों, संगीत एल्बम को प्राप्त करने के लिए बिजनेस में नुकसान होगा। साथ ही आगे भी पाइरेसी को प्रोत्साहन मिलेगा।'

## दक्षिण भारत जायेंगे मोदी

नई दिल्ली, 7 नवम्बर। गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अपने दक्षिण भारत के महत्वपूर्ण दौरे के लिए रवाना होने वाले हैं। वे गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के बीच ही चार दक्षिण भारतीय राज्यों की यात्रा करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी जिन राज्यों में जाएंगे, वह कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना हैं। जानकारी के मुताबिक, वे 11 नवंबर को कर्नाटक और तमिलनाडु जाएंगे।

इसके बाद 12 नवंबर को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री शुक्रवार 11 नवंबर को सुबह 09:45 बजे केएसआर रेलवे स्टेशन बैंगलुरू पर वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन करेंगे।

## मु.मंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

नई दिल्ली, 7 नवंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग और खनन पट्टा हासिल करने के आरोपों पर सोमवार को राहत का फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मुख्यमंत्री सोरेन को उनकी और राज्य सरकार की अपील पर राहत दी। पीठ ने मुख्यमंत्री सोरेन पर मुखौटा (शेल) कंपनियों के सहारे मनी लॉन्ड्रिंग और खुद के लिए एक खनन पट्टा हासिल करने के आरोपों के संबंध में दायरा जनहित याचिकाओं को सुनवाई योग्य करार देने के झारखंड उच्च न्यायालय के एक फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ की ओर न्यायमूर्ति धूलिया ने यह फैसला सुनाया। मुख्यमंत्री सोरेन ने जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने के उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

# हमलावर की गोली से घायल इमरान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर दी हैं।

इमरान के प्रचार-अभियान के दो प्रमुख आधार या मुद्दे हैं। पहला मुद्दा यह है कि अमेरिका उन्हें पाकिस्तान की सत्ता से बाहर रखना चाहता है तथा यही कारण है कि उन छोटे-मोटे दलों के अलावा सभी बड़े राजनैतिक दल, जैसे-पाकिस्तान पीपुल पार्टी तथा मुस्लिम लीग-उनका विरोध कर रही हैं।

पी.टी.आई. तथा अमेरिका के बीच विरोध उस समय शुरू हुआ, जब इमरान खान ने अफगान-युद्ध में अमेरिका तथा नाटो ताकतों को पारगमन सुविधाएं (ट्रांज़िट फैसिलिटीज) देते रहने से इनकार कर दिया था। प्रधानमंत्री बनने के बाद, इमरान ने यह बयान दिया था कि अफगान-युद्ध 'एक अन्य देश का युद्ध" है। इसलिये, पाकिस्तान इसमें क्यों उलझे।

इसलिये अमेरिका के सामने गम्भीर समस्या खड़ी हो गई थी तथा एक प्रकार से, यह समस्या ही अफगानिस्तान से अमेरिका की अपमानजनक वापसी का एक कारण बन गई थी।

इस सन्दर्भ में, इमरान द्वारा युक्रेन-युद्ध के दौरान भारत की विदेश नीति की मुक्त कंठ से की गई प्रशंसा भी उल्लेखनीय है।

(ज्ञातव्य है कि दोनों ही) पक्ष भारत का समर्थन प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे। इमरान ने भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदते रहने तथा हमले के लिये रूस की निन्दा करने के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के विपक्ष में वोट दिये जाने का विशेष रूप से उल्लेख किया था। इमरान ने उस समय कहा था भारत "एक स्वतन्त्र देश के लिये उपयुक्त स्वतन्त्र विदेश नीति" पर चल रहा है।

पाकिस्तान के सामान्य लोगों ने अफगान युद्ध पर इमरान खान के रूख तथा अपनी "स्वतन्त्र" विदेश नीति पर जमे रहने की कोशिश को सिर-आँखों पर लिया था। इस नीति का सार तत्व यह था कि अमेरिकन सेना द्वारा अमेरिका के रूख का समर्थन किया जाना स्वाभाविक था तथा इसलिये अमेरिकन सेना इमरान का विरोध करती रही, जिसका अन्त इमरान सरकार के गिर जाने के रूप में हुआ।

पाकिस्तानी सेना का एक मात्र उद्देश्य एवं लक्ष्य भारत का विरोध करना रहा है तथा इन्ही प्रयासों के अन्तर्गत, पाकिस्तानी सेना अमेरिका से अत्याधुनिक एवं उन्नत किस्म के हथियारों की माँग करती रहती हैं तथा उनका इस्तेमाल भारत के खिलाफ करती रहती है। इसका एक उदाहरण, पाकिस्तानी सेना द्वारा एफ-16 जैसा आक्रामक एयरक्राफ्ट प्राप्त करना था।

यहाँ यह भी याद रखा जाना चाहिये कि अमेरिका अभी हाल ही में पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े के महत्वपूर्ण कल-पुर्जो तथा पूरे एयरक्राफ्ट तन्त्र की सप्लाई की मंजूरी दी है क्योंकि डॉनल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद तथा उनके कार्यकाल में इससे इनकार कर दिया गया था। ट्रम्प ने पाकिस्तान को दी जाने वाली सहायता तथा पाकिस्तान को दिये जाने वाले अत्यावश्यक उपकरणों बन्द कर दी थी। इमरान की वाशिंगटन जाकर ट्रम्प से भेंट करने की तमाम कोशिशों के बाद भी, ट्रम्प ने उनसे मिलने से इकार कर दिया था।

इमरान को हटाए जाने और शाहबाज शरीफ के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद ही अमेरिका ने एक बार फिर 450 मिलियन डॉलर एफ-16 सपोर्ट प्रोग्राम शुरू किया।

बाइडन सरकार द्वारा इस डील को मंजूरी देने से भारत बहुत नाराज हुआ और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस डील की कड़ी निंदा की और वॉशिंगटन में ही इस डील के खिलाफ बयान भी दिया।

इमरान खान की अमेरिका विरोधी नीति ने उन्हें सत्ता से बाहर किया था और इस नीति को जनता का भारी समर्थन मिला है।

सबसे पहले तो अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ अमेरिका के युद्ध को इस्लाम के खिलाफ माना गया और इस बात ने यहां की जनता को बहुत प्रभावित किया।

यही नही दुनिया के अन्य भागों में बसे पाकिस्तानियों ने भी इमरान खान के प्रति भारी समर्थन दर्शाया और इमरान जब सत्ता में थे तो उन्होंने भारी धनराशि भेजी। इमरान के कार्यकाल में ही पाकिस्तान को दुनिया भर के पाकिस्तानियों से सर्वाधिक मदद मिली।

हालांकि इस समय पाकिस्तान में जो गंभीर आर्थिक संकट है उसमें ही इमरान का हित है। पाकिस्तान के पास कर्ज चुकाने का पैसा भी नही है और वह आई.एम.एल. से मदद की आस लगाए है।

## अखिलेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के सबसे सीनियर पूर्व छात्रों ने किया। उसके बाद वर्तमान छात्रों ने ही स्कूल बैंड बजाया।

मुख्य आतिथि व सभी मेहमानों ने वर्तमान छात्रों की जम के तारीफ़ की। पूर्व छात्रों ने स्कूल के एक गार्ड रूम का उद्घाटन किया। पूर्व छात्रों ने अपने पुराने दिनों की याद में छोटे-छोटे कार्यक्रम भी आयोजित किए। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने छात्रों को पुरुस्कार दिए। प्राचार्य लैफ्टिनेंट कर्नल श्याम कृष्णा टी. पी. ने भी मुख्य अतिथि अखिलेश यादव को उनके इस क्षण को यादगार बनाने के लिए स्मृति चिन्ह के साथ एक पोस्टर दिया। इस पोस्टर में उनके द्वारा विद्यालय में बिताये गए दिनों के कुछ फोटोज का कोलाज बना हुआ था और उनका आभार व्यक्त किया गया।

अंत में मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने छात्रों को कड़ी मेहनत करने और जीवन में अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया और एक छात्र के रूप में स्कूल में बिताए अपने दिनों को भी साझा किया।

# यूक्रेन व रूस के बीच...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की एक प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार विविध कार्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग से संबंधित मुद्दो पर चर्चा की जाएगी।

वॉशिगंटन स्थित एक रिसर्च इंस्टीट्यूट-एशियन स्टडीज़ सैन्टर एट द हैरिटेज फाउण्डेशन के निदेशक जैफ एम. स्मिथ ने कहा कि "चूंकि भारत की दोनों पक्षों तक पहुंच है, इसलिए उसे एक संभावित शांति स्थापक के रूप में उत्तरोत्तर देखा जा रहा है। यदि रूस और यूक्रेन एक तटस्थ थर्ड पार्टी मध्यस्थ में अपनी रूचि दर्शाते हैं तो भारत इसके लिए एक मजबूत प्रत्याशी होगा क्योंकि उसे दोनों पक्षों से विश्वसनीयता प्राप्त है।"

एन. वॉय. टी. की खबर के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रपति पुतिन से अच्छे संबंध हैं और वह रूस से सीधे बात कर सकते हैं। हालांकि भारत रूस से लगातार तेल खरीद रहा है और उसके खिलाफ लाए जाने वाले प्रस्तावों का समर्थन करने से इनकार कर रहा है, जिससे यूक्रेन और अमेरिका आक्रोशित हैं, लेकिन भारत का मानना है कि रूस को कोसने से कुछ भी हासिल नहीं होगा, जबकि सार्वजनिक रूप से तटस्थ रहना युद्ध समाप्ति के प्रयासों के लिए उपयोगी हो सकता है।

खबर में बताया गया कि गत सितम्बर माह में उज़बेकिस्तान में आयोजित एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि पूरी दुनिया इसकी कीमत चुका रही है। उन्होने पुतिन से कहा था कि "आज का युग यृद्ध का नहीं है" वह चाहते हैं कि इस पर चर्चा की जाए कि हम शांति के मार्ग पर किस प्रकार से आगे बढ़ सकते हैं। खबर में मोदी को पिछले कई दशकों में भारत के सर्वाधिक सशक्त प्रधानमंत्री की संज्ञा देते हुए कहा गया कि वह भारत की गुटनिरपेक्ष परम्परा को नए सिरे से गढ़ कर सभी के साथ वाली अधिक प्रभावशाली रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और वह दुनिया के सबसे बड़े संकट को हल करने की कोशिश कर रहे हैं जो लगता है कि इतिहास में भारत के महानतन नेताओं में से एक बनने की उनकी महत्वाकांक्षा के उपयुक्त है।

कूटनीतिज्ञ कहते हैं कि वर्तमान घटनाक्रम का एक अन्य आयाम यह है कि भारत, इज़रायल और यू.ए.ई. द्वारा संयुक्त मध्यस्थता के प्रयास हो सकते हैं। अखबार ने भारत में पूर्व राजदूत रहे कैनथ जस्टर को उद्धत करते हुए कहा कि इसे एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि "ये तीनों देश एक साथ मिलकर काम कर रहे होंगे और यूक्रेन के साथ विवाद को लेकर संभवतया रूस का रूख करेंगे। यह अन्तर्राष्ट्रीय सिस्टम के लचीलेपन और उसमें आए बदलावों को स्पष्ट करता है।"

कैनथ जस्टर ने आगे कहा कि भारतीय विदेश सेवा में काफी दक्ष राजनयिक हैं, और यदि वे रूस व यूक्रेन के राजी होने पर वार्ताओं में सहयोग का ऑफर देते हैं तो अच्छा होगा।

खबर में बताया गया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भारतीयों की प्रशंसा किए जाने के बाद जयशंकर रूस के दौरे पर हैं। गत 4 नवम्बर को रूस के एकता दिवस के मौके पर पुतिन ने कहा था कि "भारत में निः सन्देह इनती क्षमता है कि वह विकास के सन्दर्भ में उल्लेखनीय परिणाम हासिल कर सकता है। रूसी भाषा में मूल रूप से दिए गए इस भाषण रॉयटर एजेंसी द्वारा किए गए अंग्रेजी रूपांतरण के अनुसार रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि "भारत विकास के उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करेगा, इसमें कोई संदेह नहीं और डेढ़ अरब लोग ही उसकी वह क्षमता हैं।

**राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर ( राजस्थान ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय** : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय** : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय** : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908